ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 5, अंक 204, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान के गेंदबाजों के आगे भारत पस्त 11
खूबसूरती को स्वाभाविक तरीके से देखती हैं करीना 12



## OUR TOP PERFORMERS IN JEE ADVANCED - 2024



**KSHITIJ BAJPAI**
Vipul Govil Sir, Geeta Bajpai (Mother), Kshitij Bajpai, Veeresh Bajpai (Father) with Santosh Verma Sir & Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **4053** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.86**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**KESHAV GUPTA**
Dr. K.L. Gupta (Father), Pooja Gupta (Mother), Keshav Gupta with Santosh Verma Sir & Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **6076** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.59**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**VAISHNAVI SAXENA**
Vishal Varshney Sir, Megha Saxena (Mother), Vaishnavi Saxena, Nitin Saxena (Father) with Santosh Verma Sir & Vipul Govil Sir

JEE ADV. AIR **8216** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.30**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**VARUN AGARWAL**
Vipul Govil Sir, Santosh Verma Sir, Keshav Agarwal (Father), Varun Agarwal, Kavita Agarwal (Mother) with Vishal Varshney Sir

JEE ADV. AIR **9015** (GEN.)
JEE MAIN PERCENTILE **99.28**
(Student of 2 Yr. Foundation Course)

Learn from the Expert Faculty of MEDIIT



PHYSICS BY
VISHAL VARSHNEY SIR
(B.Tech. IIT Kanpur)



CHEMISTRY BY
VIPUL GOVIL SIR
(B.Tech. IIT Dhanbad)



MATHS BY
SANTOSH VERMA SIR
(B.Tech. IIT BHU)



BIOLOGY BY
OMENDRA YADAV SIR
(M.Sc.)

## OUR TOP PERFORMERS IN NEET - 2024




**SUHANI VARSHNEY**
Vipul Govil Sir, Dr. Monika Varshney (Mother), Suhani Varshney, Omendra Yadav Sir, Vaidik Varshney (Brother), Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **686** / 720
NEET RANK **2907** (GEN.)
(Student of 1 Yr. Target Course)



**UTKARSH GUPTA**
Vipul Govil Sir, Mr. Satish Chandra Gupta (Grand Father), Utkarsh Gupta, Mrs. Deepti Gupta (Mother), Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **676** / 720
NEET RANK **4857** (GEN.)
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**SAAYAM SINGH**
Vipul Govil Sir, Mr. Ram Singh (Father), Saayam Singh, Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **667** / 720
NEET RANK **6995** (GEN.)
(Student of 2 Yr. Foundation Course)



**ANJALI GANGWAR**
Vipul Govil Sir, Dr. Jai Prakash (Father), Anjali Gangwar, Mrs. Lajja Gangwar (Mother), Omendra Yadav Sir, Vishal Varshney Sir.

NEET MARKS **653** / 720
NEET RANK **12017** (OBC-NCL)
(Student of 1 Yr. Target Course)



**PANKHURI MATHURIA**
Vishal Varshney Sir, Mr. Salil Mathuria (Father), Pankhuri Mathuria, Mrs. Reena Mathuria (Mother), Vipul Govil Sir, Omendra Yadav Sir.

NEET MARKS **649** / 720
NEET RANK **12122** (GEN.)
(Student of 1 Yr. Target Course)

## ADMISSION OPEN

**1 Year Target Course**
for ($12^{th}$ pass students)

: towards :
Engineering Entrance Exams
(IIT-JEE MAIN / ADVANCED)
& Medical Entrance Exam (NEET)

# MEDIIT
## EDUCATIONAL INSTITUTE

149, Janakpuri, Bareilly Mob. 9639011515, 9639011516 www.mediitbareilly.com

# कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्वक निपटी बीएड प्रवेश परीक्षा

## आवंटित 1502 परीक्षार्थियों में से पहली पाली में 1322 और दूसरी पाली में शामिल हुए 1323

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को तीन केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। प्रथम पाली में 180 और द्वितीय पाली में 179 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि परीक्षा के लिए जनपद में कुल 1502 परीक्षार्थी आवंटित किए गए थे।

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए शहर में एसएस कॉलेज में दो और जीएफ कॉलेज में एक केंद्र बनाया गया था। नोडल समन्वयक एसएस कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने बताया कि प्रथम पाली में 1502 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1322 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 180 अनुपस्थित हो गए, जबकि द्वितीय पाली में 179 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 1323 परीक्षा में बैठे। तीनों केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक चली। सुरक्षा के दृष्टिकोण से केंद्रों पर पुलिसबल तैनात रहा। दोनों पालियों में परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी गई। महिला परीक्षार्थियों के साथ अभिभावक भी केंद्रों के बाहर डटे रहे। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और दो-दो आब्जर्बर भी नियुक्त किए गए थे। इसके अलावा केंद्र प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे। इनके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


एसएस कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


परीक्षा देकर जीएफ कॉलेज से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- **सघन तलाशी के बाद तीनों केंद्रों पर मिला प्रवेश**
- **अधिकारियों ने भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया**

### परीक्षार्थियों में देखा गया उत्साह

तीन केंद्रों पर सुबह नौ बजे से पहली पाली का पेपर शुरू हुआ। उससे एक घंटा पहले ही परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंच गए। साढ़े आठ बजे से उन्हें प्रवेश दिया जाना शुरू हो गया। दोपहर 12 बजे तक पहली पाली की परीक्षा हुई। परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर निकले परीक्षार्थी खुश नजर आए। बताया कि पहला पेपर जीएस, अंग्रेजी, हिंदी विषय से जुड़ा था। पेपर सामान्य रहा। हल करने में बहुत अधिक सोच विचार नहीं करना पड़ा। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू हुई।


बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए सीटिंग प्लान देखते परीक्षार्थी।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में बही कविता-शायरी की बयार



रोहिलखंड अस्पताल में वरिष्ठ शायर वसीम बरेलवी को सम्मानित करते वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल एवं चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ शायर वसीम बरेलवी ने मेडिकल छात्र-छात्राओं का किया उत्साहवर्द्धन**
- **रोहिलखंड अस्पताल के अध्यक्ष एवं चेयरमैन ने वसीम बरेलवी का किया अभिनंदन**

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में रविवार को पल दो पल का शायर नामक भव्य कविता-शायरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ शायर वसीम बरेलवी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल व चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने डॉ. वसीम बरेलवी का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। प्रतियोगिता में छात्रों एवं विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी कविता एवं शायरी से कला को प्रदर्शित किया। इस मौके पर वसीम बरेलवी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रबंधन का छात्रों तथा छात्राओं के बहुमुखी विकास का प्रयास बेहद सराहनीय है। उन्होंने गीत-गजल सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। साथ ही अच्छे इंसान एवं अच्छे चिकित्सक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने विजेताओं समेत सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। आयोजक डॉ. सौरभ सैनी, यश मुंजवानी, विपुल सैनी, कृष्णा गुप्ता और विकास सैनी रहे। कार्यक्रम में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सक समेत बड़ी संख्या में मेडिकल छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एक नजर

### महिला को पीटा, रुपये व सामान लूटा

**पुवायां।** कहिमारा गांव के बच्चू लाल की पत्नी मीना देवी ने गांव के लोगों के खिलाफ मारपीट एवं लूटपाट का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई के जाने की मांग की। पीड़िता ने बताया कि गांव के चार- पांच लोग लाठी डंडा लेकर आ गए और मारपीट करने लगे। मीना ने बताया कि मारपीट में उसके पुत्र को भी चोट लगी। आरोप लगाया इस दौरान घर में रखे पांच हजार रुपये व अन्य घरेलू सामान लूट लिया।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** थाना क्षेत्र के गांव नगरिया प्रयागपुर गांव की अशोक कुमार की पत्नी रामादेवी ने गांव के ही रहने वाले मनोज, विनोद पुत्र बांकेलाल, राजेश पुत्र मनोज, मीना पत्नी मनोज, पूजा पुत्री विनोद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। रामादेवी ने बताया कि 6 जून को आरोपियों ने उनके खेत में पड़ा पाइप काट दिया था, जिसकी शिकायत पुलिस से करने पर 8 जून की शाम को सात बजे सभी ने एकजुट होकर मारपीट की।

# मोदी के शपथ लेते ही बजे ढोल, मिठाई बांट मनाया जश्न


चौक में ढोल बाजे पर खुशी में डांस करते भाजपाई। ● अमृत विचार


जितिन प्रसाद के आवास प्रसाद भवन में आतिशबाजी चलाकर खुशियां मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **जगह-जगह मनाई गईं खुशियां पार्टी के झंडे लहराकर योगी-मोदी जितिन प्रसाद जिंदाबाद के लगे नारे**

**अमृत विचार :** देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की हैट्रिक लगते ही भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। मोदी ने जैसे ही शपथ लेनी शुरू की वैसे ही कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और उन्होंने जगह-जगह आतिशबाजी चलाकर तथा मिठाई बांटकर पार्टी के झंडे लहराते हुए जमकर जश्न मनाया और खुशी में नारेबाजी की। वहीं, पीलीभीत में भारी मतों से जीतने वाले जितिन प्रसाद के आवास प्रसाद भवन पर भी भाजपाइयों ने ढोलबाजे के साथ जश्न मनाया। जमकर आतिशबाजी चलाई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर योगी-मोदी-जितिन प्रसाद जिंदाबाद के नारे लगाए।

पीलीभीत के नवनिर्वाचित सांसद जितिन प्रसाद को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर उनके आवास प्रसाद भवन पर समर्थकों ने जमकर खुशियां मनाईं। प्रगतिशील किसान एवं भाजपा नेता कौशल मिश्रा के नेतृत्व में जुटे भाजपाइयों ने ढोलबाजे पर जमकर नृत्य किया और धुआंधार आतिशबाजी चलाकर खुशियां मनाईं। प्रशांत कठेरिया, पार्षद जगदीश कुशवाहा, अमित बाजपेई, विनोद गुप्ता, प्रमोद मिश्रा, नृपेन्द्र मिश्रा, सबील हसन, कौशल शुक्ला, शशांक कौशिक, अनुज शुक्ला, अकबर खां, राजवीर कनौजिया, दिव्यांशु बाजपेई, वैभव बाजपेई, प्रमोद पांडेय, राजेश मिश्रा, नितेश अग्निहोत्री समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उधर, चौक में भाजपा नेता वैभव खन्ना के नेतृत्व में भाजपाइयों ने चौक चौराहे पर जश्न मनाया। पार्टी के झंडे लहराते हुए नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारों से वातावरण गूंजता रहा। इस मौके पर लड्डू भी बांटे गए। जश्न मनाने वालों में प्रमुख रूप से पुनीत मिश्रा, कमल सिंह, माया प्रकाश दीक्षित, कमल गुप्ता, पार्षद मनीष गुप्ता, अनूप मौर्य, शेखर रस्तोगी, विनायक कपूर, अनूप रस्तोगी, राजेश सारस्वत, अनूप गुप्ता, सुरेश वर्मा आदि शामिल रहे।

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नगर निगम के सभी पार्षद ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर नरेंद्र गुरु, अतुल दीक्षित, नरेश मौर्य, अनूप कुमार, अरुण कुमार सिंह. धीरेंद्र कुमार ,रामबरन सिंह चंदेल ,विपिन सिंह यादव विनय सक्सेना,अनूप गुप्ता, दिलीप गुप्ता, जगदीश कुशवाहा, राजेश गंगवार , संजय कनौजिया पप्पू उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने आतिशबाजी छुड़ाकर मनाई खुशियां

**खुटार।** रविवार को तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण के मौके पर खुटार मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी के आवास पर कार्यकर्ता एकत्रित हुए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी छुड़ाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने कहा कि केंद्र प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं की वजह से केंद्र में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी छुड़ाकर खुशी जताई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण दीक्षित, लक्ष्मण गुप्ता, कमल दीक्षित, हरिओम मिश्रा, राजपाल गुप्ता, लेखराज, आशीष मिश्रा, अंकित शुक्ला, देव पटेल, मिथिलेश गुप्ता, दयाशंकर देवल, अखिलेश मिश्रा, सुरेश सिंह भदौरिया, जयेंद्र कुमार, कप्तान आदि तमाम लोग मौजूद रहे।


नगर निगम में मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते पार्षद। ● अमृत विचार


एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### अल्हागंज में देखा शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण

**अल्हागंज।** रविवार शाम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए शपथ ग्रहण समारोह का लाइव प्रसारण मुख्य बाजार के विद्यालय में दिखाया गया। लाइव प्रसारण को देखने के लिए बड़ी संख्या लोग जुटे। मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेते कई लोग भाव विह्वल हो गए। लोगों की प्रतिक्रियाएं थी कि मोदी ही संविधान के रक्षक हैं, जिनकी नेतृत्व क्षमता, साहस तथा सेना के पराक्रम की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। पूरे विश्व में अपने देश की धाक जमी है।आतिशबाजी चला व मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गईं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरदवीर सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन शिवानी वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, बृज प्रांत की महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री चंद्रेश गुप्ता, उदित गुप्ता, आनंद गुप्ता, बाल कृष्ण मिश्रा, कमलेश शुक्ला समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भाकियू का बिजली उपकेंद्र पर प्रदर्शन

**निगोही, अमृत विचार :** बिजली कर्मचारी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन(टिकैत गुट) का गुस्सा भड़क गया। भाकियू नेताओं ने विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर कर्मचारी को हटाए जाने की मांग की। भाकियू नेता पूसेराम वर्मा का कहना है कि यह बिजली कर्मचारी पहले बिजली सप्लाई काट देता है और फिर बिजली सप्लाई जोड़ने के नाम पर रुपये मांगता है।

भाकियू नेताओं ने कहा कि उस बिजली कर्मचारी की इस हरकत की वजह से गांव नेतापुर के लोग परेशान है। किसानों का आए दिन कनेक्शन काटना और फिर जोड़ने के नाम पर रुपये वसूला उसका काम बन गया है। पूरे गांव की मांग है कि इस कर्मचारी को हटाकर कहीं दूसरी जगह भेज दिया जाए। जिससे हम लोगों की रक्षा हो सके व हम लोगों की फैसले बच सकें और बिजली मिल सके। मांग नहीं माने जाने पर धरना प्रदर्शन व चक्का जाम करने को वाध्य होंगे।

### मुख्य आरक्षी व आरक्षी को समझाए नए कानून

**शाहजहांपुर।** पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में मुख्य आरक्षी व आरक्षी को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्षय अधिनियम 2023 एक दिवसीय प्रशिक्षण अभियोजन संयुक्त निदेशक दिलीप कुमार सोनकर, सहायक अभियोजन अधिकारी आशीष कुमार एवं सहायक अभियोजन अधिकारी राजेश कुमार की उपस्थिति में कराया गया। तीन नए कानून के प्रभावी होने के दृष्टिगत तीनों अधिकारियों ने प्रशिक्षित कराया। इस अवसर पर सीओ ट्रैफिक वीएस वीर कुमार सिंह, सीओ ज्योति यादव, प्रतिक्षार निरीक्षक प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर।** बंडा थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि 20 अप्रैल को जगदीश निवासी लहा थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी नीलेश निवासी मझिगवां थाना बंडा को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। टीम में जयचंद गिरी, हेकां अजय राना आदि थे।

# प्राचार्य ने जांच रिपोर्ट डीएम को भेजी

- **आज हो सकती है एफआइआर मेडिकल कॉलेज में पकड़ी गई सर्जिकल सामग्री का मामला**

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में पिकअप में पकड़ी गई सर्जिकल सामग्री के मामले में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने डीएम को अपनी जांच रिपोर्ट भेज दी है। इधर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर चौक कोतवाली में तहरीर दी गई है।

एक सप्ताह पूर्व रात में 11 बजे में मेडिकल कालेज के सुरक्षा गार्ड ने पिकअप को पकड़ा था। पिकअप में करीब पांच लाख रुपये सर्जिकल सामग्री बरामद की थी। चालक तथा एक आरोपी पिकअप छोड़कर भाग गए थे। चालक के साथ भागा व्यक्ति मेडिकल कॉलेज का प्राइवेट कर्मचारी था और दवा गोदाम में किसी कर्मचारी ने प्राइवेट रूप में रख रखा था। प्राचार्य राजेश कुमार ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी ने दवा स्टोर इंचार्ज डॉ सरोज कुमार चीफ फार्मासिस्ट संदीप बंसल समेत नौ लोगों के बयान लिए थे। पिकअप मेडिकल कॉलेज के एक कमरे में बंद है। पिकअप मालिक जानकारी लेने नहीं आया। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्राचार्य को सौंप दी थी। रविवार को प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने जांच रिपोर्ट डीएम को भेज दी है। दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई हो सकती है। इधर एफआइआर दर्ज करने के लिए एक तहरीर चौक कोतवाली में दी गई है।















ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 10 जून 2024
वर्ष 5, अंक 204, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



# मोदी ने रचा इतिहास

## तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, शाह राजनाथ, गडकरी, जेपी नड्डा भी बने मंत्री

## लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

### मोदी की नई कैबिनेट

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह चौहान
6. निर्मलासीतारमण
7. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)
14. सर्बानंद सोनोवाल
15. डॉ वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्वनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेन्द्र सिंह शेखावत
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजिजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. डॉ मनसुख मंडाविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के सात नेता

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल ''प्रचंड'' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। हसीना और अफीफ जहां शनिवार को दिल्ली पहुंचे, वहीं मुइज्जू, प्रचंड, विक्रमसिंघे, जगन्नाथ और टोबगे रविवार को पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया।

## 3.0

### विनम्र रहें और ईमानदारी व पारदर्शिता से समझौता न करें

**मंत्रियों को मोदी का मंत्र**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को शपथ लेने वाले केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्यों को नसीहत दी कि उन्हें विनम्र रहना चाहिए, क्योंकि आम लोग यही पसंद करते हैं। साथ ही उन्हें ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कभी कोई समझौता न करने की भी सलाह दी। शपथग्रहण के पूर्व नामित मंत्रियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की उनसे काफी अपेक्षाएं हैं और सभी को इसे पूरा करना होगा। निवर्तमान मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ नेताओं और मंत्री पद की शपथ लेने वाले नए नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आपको जो भी काम सौंपा जाएगा, उसे ईमानदारी से करें और विनम्र रहें क्योंकि लोग उनसे प्यार करते हैं जो विनम्र होते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वे सभी सांसदों को सम्मान और गरिमा दें चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, क्योंकि उनमें से सभी को लोगों ने चुना है। उन्होंने कहा कि मनोनीत मंत्रियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों का सम्मान भी करना चाहिए। उन्होंने चाय पर नेताओं के साथ चर्चा में कहा ...आप ईमानदारी और पारदर्शिता से समझौता नहीं कर सकते।

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार रविवार को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी के साथ 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार मंत्रियों के साथ 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली।

ईश्वर के नाम पर शपथ लेने वाले 73 वर्षीय मोदी के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री निरंतरता और अनुभव पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि शपथ लेने वाले ज्यादातर नेता उनके दूसरे कार्यकाल में भी महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा पांच साल बाद कैबिनेट में लौटे हैं, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मोदी कैबिनेट में नए चेहरे हैं। भाजपा नेता पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

#### ● 30 कैबिनेट, पांच स्वतंत्र प्रभार 36 राज्यमंत्रियों ने भी शपथ ली

ये सभी पहले राज्यसभा में थे, लेकिन अब लोकसभा के लिए चुने गए हैं। असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार, प्रह्लाद जोशी, गिरिराज सिंह और जुएल उरांव ने भी मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। पंडित नेहरू 1947 में देश के आजाद होने के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नेतृत्व वाले राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह और रामनाथ ठाकुर, तेदेपा के रामामोहन रेड्डी, हम (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल सहित राजग के घटक दलों के कई प्रमुख नेता भी शामिल हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी इस मौके पर मौजूद थे, हालांकि कई विपक्षी नेता समारोह में शामिल नहीं हुए। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और जद(यू) प्रमुख नीतीश कुमार भी मौजूद थे। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, रजनीकांत, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वालों में शामिल थे।

## खनन माफिया ने सिपाही को ट्रैक्टर से कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



- फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज के नगला चंदन में वारदात, बिजनौर का रहने वाला था रोहित
- मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** थाना नवाबगंज में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे सिपाही को खनन माफिया ने शनिवार देर रात ट्रैक्टर से कुचल दिया। शहर के एक नर्सिंग होम में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिपाही मूलरूप से बिजनौर जिले का रहने वाला था।

मामले में ट्रैक्टर चालक और उसके दो साथियों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रविवार रात दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोच लिया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। थाना नवाबगंज में तैनात सिपाही रोहित (24) शनिवार रात्रि ड्यूटी पर था। शनिवार देर रात उसे ग्राम नगला चंदन में अवैध खनन की सूचना मिली, जिसपर एसआई सन्तोष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। रोहित गाड़ी से निकल खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास करने लगा। इस पर खनन माफिया ने उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। साथी सिपाही रोहित को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर एसपी, एएसपी, सीओ अमृतपुर, सीओ कायमगंज सहित कई थानों की फोर्स नर्सिंग होम पहुंची।

सिपाही रोहित का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन के शहीद स्मारक ले जाया गया, जहां जिलाधिकारी वीके सिंह और एसपी विकास कुमार ने पुष्प चक्र अर्पित कर सलामी दी। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सिपाही के परिजन शव को बिजनौर ले गए। घटना के बाद चंदन नगला से पहले एक जेसीबी से अवैध खनन करते हुए सुमित को पुलिस ने पकड़ा। उप निरीक्षक संतोष कुमार की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक प्रदीप यादव, उसके साथी भूपेंद्र यादव और सुमित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने रात में मुठभेड़ के बाद आरोपी प्रदीप यादव और भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों मुठभेड़ में घायल हुए हैं।

### एसडीएम की गाड़ी को मारी टक्कर

**बिजनौर।** नजीबाबाद में रेत-बजरी के अवैध खनन की सूचना पर मौके पर जा रहे एसडीएम के वाहन को डंपर चालक ने साइड मार दी। जिससे गाड़ी मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। नजीबाबाद के गांव मथुरापुर मोर क्षेत्र में दो प्वाइंट पर रेत-बजरी के खनन की प्रशासन को शनिवार रात सूचना मिली थी। एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह टीम के साथ मौके के लिए रवाना हुए। रात लगभग 10 बजे एसडीएम के वाहन ने क्षेत्र से गुजर रहे एक डंपर को रोकने का प्रयास किया तो डंपर के चालक ने एसडीएम के वाहन को साइड मार दी। एसडीएम ने घटना से इनकार किया है। उनका कहना है कि नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग पर अज्ञात वाहन से उनकी गाड़ी को टक्कर लगी थी।

## तीन कारों की टक्कर में गजरौला के चार यूट्यूबर्स की मौत



शाहरुख सलमान लकी

**हसनपुर (अमरोहा)।** हसनपुर-गजरौला मार्ग पर मनौटा पुल के पास तीन कारों की टक्कर में गजरौला के चार यूट्यूबर्स की मौत हो गई, जबकि पांच युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि शवों को अस्पताल में रखवा दिया है।

हादसा हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गजरौला-हसनपुर मार्ग पर रविवार रात 10:30 बजे हुआ। गजरौला के मोहल्ला अल्लीपुर निवासी सलमान (17) पुत्र तहसीन तथा उसी मोहल्ले के शाहरुख (18) पुत्र अच्छन, शाहनवाज (19) पुत्र मकसूद, नवादा रोड निवासी लकी (17) पुत्र बब्बू और मोहल्ले के ही दिलशाद और जैद के साथ अर्टिगा कार से हसनपुर के किसी होटल में खाना खाने आए थे। रात करीब 10:30 बजे गजरौला लौट रहे थे। इस दौरान मनौटा पुल के पास सामने से आ रही बोलेरो से टक्कर हो गई। पीछे से आई एक स्विफ्ट कार ने भी टक्कर मार दी। हादसे में लकी, सलमान, शाहरूख और शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जैद, दिलशाद और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल भिजवाया जबकि घायलों को भी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि चारों मृतक यूट्यूब पर वीडियो बनाते थे। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत हुई है जबकि पांच युवक घायल हैं।

## जम्मू में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत

किशोर कुमार, जम्मू

**अमृत विचार :** जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले में रविवार को आतंकवादी हमले के बाद एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 तीर्थयात्री मारे गए और 33 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चांदी मोड़ के पास बस को निशाना बनाया, जिसके बाद वाहन के चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई। अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

हमला उस समय हुआ जब तीर्थयात्री शिव खोड़ी मंदिर से दर्शन करके वापस आ रहे थे। बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं। इसके बाद चालक बस से नियंत्रण खो बैठा। बचाव अभियान शुरू किया गया और पुलिस, सेना व अर्धसैनिक बलों के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मौके से कारतूसों के खोखे भी मिले हैं।



आतंकवादी हमले में घायल तीर्थयात्री। ● अमृत विचार

- रियासी जिले में घात लगाकर आतंकियों ने किया हमला
- हमले के बाद बस खाई में गिरी, तैंतीस लोग घायल

रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित शर्मा के अनुसार जम्मू-कश्मीर में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की है। हमले में दस लोगों की मौत की सूचना है। करीब 33 लोग घायल हैं।



घटनास्थल से बरामद कारतूस।

## जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी बने टॉपर

**नई दिल्ली।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेश कुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं।

परीक्षा में दूसरे स्थान पर आदित्य और तीसरे स्थान पर भोगलपल्ली संदेश रहे। रिदम केडिया, पुट्टी कुशल कुमार, राजदीप मिश्रा, कोदुरी तेजेश्वर, ध्रुवी हेमंत दोशी और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास ने इसी क्रम में अगली रैंक हासिल की है। आईआईटी मद्रास जोन से सबसे अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इसके बाद आईआईटी दिल्ली जोन और आईआईटी बॉम्बे जोन हैं। शीर्ष 500 सफल अभ्यर्थियों में से 145 आईआईटी मद्रास जोन के हैं, इसके बाद 136 आईआईटी बॉम्बे जोन से और 122 आईआईटी दिल्ली जोन के हैं।

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइट्रिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन

9837892555 9412192305


# ट्यूबवेल तैयार, पाइपलाइन भी घरों तक पहुंची... नहीं बना तो केवल ओवरहेड टैंक

## कलान के गांव चौकिया पचदेवरिया का हाल, ठेकेदार की शिकायत के बाद काम ठप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अधूरा पड़ा पानी की टंकी का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जल है तो कल है का नारा जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आ रहा है। ठेकेदार की घोर लापरवाही के चलते ग्रामीणों को शुद्ध जल नहीं मिल पा रहा है। कलान तहसील की ग्राम पंचायत चौकिया पचदेवरिया में जल जीवन मिशन योजना के तहत एक वर्ष पहले पानी टंकी के निर्माण कार्य करवाया गया था। यहां ट्यूबवेल बनकर तैयार हो गया और पाइपलाइन भी बिछ गई लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। जबकि इसके कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई 2023 थी।

ग्राम पंचायत चौकिया पचदेवरिया में पानी की टंकी के निर्माण के लिए वर्ष 2021 में मंजूरी मिली थी।जिसके लिए 191.58 लाख रुपये की राशि अवमुक्त की गई थी। टंकी का निर्माण कार्य 20 जनवरी 2022 को शुरू हो गया। ओवरहेड टैंक से पहले ट्यूबवेल का निर्माण करा दिया गया और मोटर संचालित करने के लिए बिजली के अलावा सौर ऊर्जा की प्लेटें भी लगा दी गईं। ओवरहेड टेंक के लिए कुएं की खोदाई के साथ लोहे के मजबूत जाल के साथ पिलर खड़े किए जाने की कवायद शुरू हुई और गांव की गलियों में पाइप लाइन बिछाकर टोटी भी लगा दी गई। इस काम को 21 जुलाई 2023 तक पूरा किया जाना था लेकिन इससे

- **पेयजल को तरसे ग्रामीण, 21 जुलाई 2023 थी कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि**

पहले ही कुछ लोगों ने मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाए जाने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों को शिकायत कर दी और इसके बाद निर्माण कार्य पर ब्रेक लग गया और अब यह काम तीन माह से पूरी तरह से बंद है। भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी के निर्माण के दौरान शुरू से ही इसकी निगरानी की जानी चाहिए थी लेकिन तब इस पर ध्यान नहीं दिया गया और इसका असर यह रहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई और अब इसका खामियाजा गांव की जनता भुगत रही है। सरकार की योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है। घरों के दरवाजे के पास लगे पानी के पाइप से टोटियां गायब हो गई हैं। अब पानी के पाइप ग्रामीणों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। प्रधान प्रतिनिधि कमरुल हसन और गांव के मानवेंद्र सिंह, राकेश सिंह यादव, बुधपाल सिंह यादव, वीरेंद्र सिंह, कल्लू सिंह, जयवीर सिंह ने ओवरहेड टैंक के जल्द निर्माण की मांग की है।

### सरकार की योजना को लगाया जा रहा पलीता

ग्रामीणों ने बताया कि सरकार जल जीवन को लेकर करोड़ों रुपया खर्च कर रही है ताकि ग्रामीणों को शुद्ध जल मिल सके लेकिन ठेकेदार के लापरवाही के चलते सरकार की योजनाओं पर पानी फिर जाता है और करोड़ के रुपया व्यर्थ में ही बह जाता है और जिम्मेदार कमीशन के चक्कर में ठेकेदारी पर कारवाई करने में कतराते हैं।



पानी के पाइप से गायब टोटी।

> टंकी निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा होने से गांव के लोगों को दिक्कत हो रही है। पूरा प्रयास किया जा रहा है कार्यदायी संस्था और अधिकारियों से वार्ता कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> – **चांदनी बेगम**, प्रधान

# कबूतर उड़ा बाइक से रील बना रहे युवकों को पुलिस ने फटकारा

**रौसर कोठी/शाहजहांपुर,** अमृत विचारः चौक कोतवाली के ककरा पुल पर कबूतर को उड़ाकर बाइक से स्टंट कर रील बनाना युवकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने उनकी जमकर क्लास ली। माफी मांगने पर हिदायत देकर छोड़ा।

रविवार को चौक कोतवाली इलाके के ककरा पुल पर करीब 6-7 युवक कबूतर उड़ा कर बाइक से स्टंट कर रील बना रहे थे। जिससे आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त युवकों की कई लोगों से कहासुनी भी हो गई। इतने में किसी ने चौक कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी।

सूचना पर एस आई मनोज कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए। उन्होंने रील बना रहे युवकों की जमकर क्लास लगाई। पुलिस सभी को थाने ले जाने लगी। तभी युवक माफी मांगने लगे और दोबारा ऐसा न किए जाने का भरोसा दिलाया। इस पर पुलिस ने दोबारा पुल पर स्टंट कर रील बनाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देकर छोड़ दिया। बता दें कि ककरा पुल पर अक्सर युवक स्टंट कर रील बनाते हैं। जिससे किसी भी दिन बड़ा हादसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# शुरुआत में एकतरफा...बाद में फंसने लगा था चुनाव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **सभी पदों पर पदाधिकारी होने के चलते बड़ी जीत की लगी हुई थी उम्मीद**
- **55521 वोट से ही जीत सके अरुण सागर, जीत के लिए लोकसभा प्रभारी ने भी निभाई अहम भूमिका**

**अमृत विचारः** लोकसभा सीट पर भाजपा को मिली कम अंतर से जीत के प्रमुख कारणों में एक कारण स्थानीय जनप्रतिनिधियों का रवैया भी माना जा रहा। कम अंतर से जीत की समीक्षा से पता चलता है शुरुआत में भाजपा की जीत एकतरफा लग रही थी, लेकिन बीच में चुनाव फंसने लगे। हालत यह हो गई कि राजनीतिक विशेषज्ञ शाहजहांपुर सीट को मतगणना से पहले सपा के खाते में गिनने लगे थे। इस सबके बाद भी भाजपा अपनी सीट निकालने में कामयाब रही, लेकिन जीत का अंतर 55521 ही रहा।

भाजपा से जुड़े सूत्र बताते हैं कि शाहजहांपुर लोकसभा सीट पर शुरुआती दौर में भाजपा प्रत्याशी अरुण सागर का किसी से मुकाबला नहीं दिख रहा था। भाजपा की जीत एक तरफा लग रही थी, इसका एक कारण सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लाक प्रमुख जैसे सभी महत्वपूर्ण पदों पर भाजपाईयों का काबिज होना था। यहां तक कि राज्यसभा सांसद व विधान परिषद सदस्य भी भाजपा के ही हैं। प्रदेश सरकार के तीन-तीन मंत्री इसी लोकसभा क्षेत्र के थे, जिनमें सबसे बड़ा नाम वित्त मंत्री व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना का है। इस सब के बाद भी जैसे-जैसे चुनाव की सरगर्मी बढ़ीं चुनाव फंसने लगा। तमाम कारणों से चुनाव खराब हुआ। इसके पीछे एक वजह ब्राह्मणों के वोटों का रुझान अंत तक भाजपा के साथ रहना भी है। भाजपा ने शाहजहांपुर के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को पीलीभीत लोकसभा से प्रत्याशी बनाया। साथ ही लोकसभा प्रभारी पंडित रामगोपाल मिश्र को बनाया।

### दबी जुबान हार की बात कहने लगे थे लोग

चुनाव के दौरान भाजपा के भी तमाम लोग दबी जुबान से अपनी हार स्वीकारने लगे थे। इसके बाद भी जीत हुई। इसमें कहीं न कहीं लोकसभा प्रभारी की सक्रियता और कार्य शैली रही। वह चुनाव में जिला संगठन, महानगर संगठन के लोगों को एक साथ लेकर चलते रहे। प्रत्याशी के साथ समन्वय, संघ के लोगों के साथ अच्छा तालमेल भी काम आया। कई बार लोक सभा प्रभारी ने मंत्री की प्रतिष्ठा को धूमिल न करने की चेतावनी देकर भी निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया।

# रंगदारी न देने पर दुकानदार को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला खलीलशर्की निवासी शशीकांत ने बताया कि उसकी घर के बाहर परचून की दुकान है। उसने बताया कि छह जून की शाम रिजवान साथियों के साथ उसकी दुकान पर आया। आरोपियों ने उसे दुकान से बाहर बुलाया। वह बाहर नहीं आया तो आरोपी दुकान में घुस गए और उससे पांच हजार रुपये की रंगदारी मांगी। आरोपियों ने उससे कहा कि दुकान चलानी हो तो रंगदारी प्रतिमाह देनी होगी। आरोपियों ने जाति सूचक शब्द कहते हुए उस पर हमला कर दिया। वह जान बचाकर घर के अंदर भागा। घर में घुसकर उसे मारनी पीटने लगे। शोर शराबा होने पर मोहल्ले वाले एकत्रित हो गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने आरोपी से जान का खतरा बताया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी रिजवान, मोहम्मद फैयाज, इरफान, इलियास के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली


## एक नजर

### रंजिशन सब्जी विक्रेता को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला मस्जिदगंज निवासी शेरु ने बताया कि वह सब्जी का ठेला लगाता है। शनिवार की रात आठ बजे सब्जी बेचकर लौटा तो घर के दरवाजे पर खड़ हो गया। इसी दौरान मोहल्ले का महेश कन्नौजिया साथियों के साथ उसके दरवाजे पर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी महेश कन्नौजिया, सौरभ, रचित, राज यादव समेत आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### बल्ला मारकर युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी अंशुल पाठक ने बताया कि शुक्रवार की शाम छह बजे बाडीगांव के सहारा मैदान में साथियों के साथ किक्रेट मैच खेल रहा था। मैच के दौरान उत्कर्ष तिवारी आदि ने मैच में बाधा डाली। आरोपी अंशुल पाठक को गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बल्ला मारकर घायल कर दिया। आरोपियों ने उससे कहा कि सहारा मैदान में मैच खेलते दिखायी न देना। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी उत्कर्ष तिवारी, आकाश शुक्ल, अभय पाण्डेय के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया स्वास्थ्य मेला



शाहबाद में लगे स्वास्थ्य मेला में चिकित्सकों का उत्साहवर्द्धन करते वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल। ● अमृत विचार



नि :शुल्क स्वास्थ्य मेले में मरीजों का परीक्षण करती चिकित्सकों की टीम।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **शाहबाद में लगे स्वास्थ्य मेला में 719 मरीजों ने कराया पंजीकरण**
- **31 में मिला मोतियाबिंद, निःशुल्क कराया जाएगा ऑपरेशन**
- **77 मरीजों ने हड्डी तो 59 लोगों ने कराई दिल की जांच**

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से रविवार को श्री हर्ष पांडेय आदर्श इंटर कॉलेज शाहबाद में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 719 मरीजों ने पंजीकरण कराया।

इस दौरान 31 मरीजों में मोतियाबिंद मिला, जिनका निःशुल्क ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा में किया जाएगा। 77 मरीजों की निःशुल्क हड्डी की जांच (बीएमडी), 59 की दिल की जांच (ईसीजी), 297 की ब्लड शुगर जांच व लगभग 354 की ब्लड प्रेशर की जांच की गई।आवश्यकतानुसार दवाइयां दी गईं। एमआरआई, सीटी स्कैन समेत अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। पीआरओ विपिन शर्मा व अतुल गंगवार ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरुक करते हुए अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

पीआरओ ने बताया कि रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड 200 रुपये में बनाया जाता है, जो एक वर्ष के लिए मान्य है। इससे ओपीडी का पर्चा निःशुल्क बनता है। दवाइयों व सभी जांचों पर 20 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट दी जाती है।

इससे पहले मेले का प्रारंभ शाहबाद के क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल और हर्ष पांडेय ने क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। क्षेत्राधिकारी ने शिविर का निरीक्षण करते हुए सेवाभाव की सराहना की। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल और उपाध्यक्ष डॉ. किरन अग्रवाल ने कहा कि वह भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगाते रहेंगे, जिसका लाभ सभी वर्ग को मिलता रहे। वह नर सेवा नारायण के भाव से जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। शिविर में राम निवास मिश्रा, अनुज मिश्रा, सौम्या पांडेय, राजकुमार यादव समेत कॉलेज स्टाफ व श्री हर्ष पांडेय कॉलेज के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### इन विभागों के चिकित्सकों का मिला सहयोग

निशुल्क स्वास्थ्य मेला में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के सामान्य रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, नाक कान एवं गला रोग विभाग, चर्म रोग विभाग, मानसिक रोग, दंत रोग, छाती एवं स्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग और सर्जरी विभाग, कैंसर सर्जरी विभाग के डॉ. फैजूर रहमान, डॉ. विश्वजीत, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. वैभव, डॉ. कुशल गुप्ता, डॉ. हर्षित कौसल, डॉ. गार्गी शर्मा, डॉ. कीर्ति वरदानी, डॉ. कुसुम चंद्र अंबुरे, डॉ. विभू उपाध्याय, डॉ. शाकुल, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. शिवांगी कपूर, डॉ. शुभांगी, डॉ. प्रियांशु पाण्डेय, डॉ. राहुल पनवार, डॉ. प्रिया, डॉ. पियाली सरकार, डॉ. भाव्या, डॉ. अंकन पॉल, डॉ. रमन, डॉ. चारु एवं मेडिकल कॉलेज के उपचिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी, ललित सिंह चौहान तथा पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

# घर में घुसी बड़ी गोह, घरवालों के होश हुए फाख्ता

संवाददाता, जलालाबाद

- **भाजपा नेता गोपाल मोहन द्विवेदी के भतीजे अतुल द्विवेदी के घर में घुसी मॉनिटर लिजार्ड**
- **एक व्यक्ति ने पकड़कर बोरी में बंद किया, वनकर्मियों ने जंगल में छोड़ा**



भाजपा नेता गोपाल मोहन द्विवेदी के भतीजे के घर में घुसी मॉनिटर लिजर्ड।

**अमृत विचार :** नगर निवासी भाजपा नेता गोपाल मोहन द्विवेदी के भतीजे अतुल द्विवेदी के मकान में छिपकली की तरह दिखने वाला काफी बड़े आकार की जीव घुस जाने से घरवालों के होश फाख्ता हो गए। करीब आधा घंटा लोगों की जान सांसत में रही।एक व्यक्ति ने हिम्मत कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने उसे जंगल में छोड़ दिया।

नगर के मोहल्ला ब्रह्मनान में निवासी अतुल द्विवेदी के ड्राइंग रूम में रविवार दोपहर करीब दो बजे छिपकली जैसा डेढ़ मीटर की लंबाई वाला जीव दिखाई दिया। उस जीव पर अतुल की नजर गई तो उनकी चीख निकल गई। परिवार वालों में चीख-पुकार मचने लगी। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी भी आ गए। चिकनी फर्श पर वह तेजी से नहीं चल पा रहा था। लोगों को देख धीरे-धीरे बाहर की तरफ बढ़ने लगा। उसका मुंह काफी बड़ा और मोटी पूंछ थी। बार-बार मुंह खोलकर जीभ लपलपा रहा था, जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो रहे थे। उसे पकड़ने और भगाने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मियों के पहुंचने से पहले जीव चबूतरे में लगी रेलिंग से बाहर निकलने के प्रयास में आगे बढ़ा, तभी सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति ने हिम्मत कर उसकी पूंछ पकड़कर लटका लिया और बाद में बोरी में बंद कर दिया। तब तक वनकर्मी पहुंच गए और बोरे में बंद जीव को कब्जे में ले लिया। तब लोगों ने राहत की सांस ली।

> कर्मचारियों के जरिये जीव को जंगल में छुड़वा दिया गया है। यह जीव गोह (मॉनिटर लिजर्ड) थी। यह अक्सर जंगल और खेतों आदि में रहती हैं। इसकी दो जीभ होती हैं। मॉनिटर लिजार्ड संरक्षित जीव है।
>
> – **विशाल रावत**, रेंजर

# खाना बनाते समय लीक सिलेंडर से लगी आग

**रौसर कोठी, अमृत विचारः** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती निवासी ओमप्रकाश वर्मा की पत्नी शालू रविवार शाम करीब चार बजे खाना बना रही थीं। अचानक गैस सिलेंडर से गैस लीक होने के चलते आग लग गई। रसोई में रखा पांच किलो का सिलेंडर फटने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

पूरे घर में आग फैल गई। सूचना पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस और फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर आ गईं। फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे में जैसे तैसे आग पर काबू पा लिया। आग से घर में रखे 50 किलो गेहूं, कपड़े और किराने का सामान जलकर राख हो गया।




**आज का मौसम**

42.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5.14 | सूर्यास्त 7.06

# गोविंद हत्याकांड: पुलिस के खिलाफ फूटा गुस्सा, शव रखकर लगाया जाम

## लूट की धारा बढ़ाने, निरीक्षक और दरोगा को निलंबित करने की मांग पर अड़े, अधिकारियों से हुई नोकझोंक, मांग पूरी होने पर हटे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र में गोविंद की हत्या कर बाइक लूट ले जाने के मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर में लूट की धारा नहीं लिखने पर परिवार वालों और गांव वालों ने शव का पोस्टमार्टम होने के बाद खिरनीबाग चौराहे पर वाहन में शव रखकर दो घंटे तक जाम लगाया। हत्या में लूट की धारा बढ़ाने और प्रभारी निरीक्षक को निलंबित करने पर अड़ गए। एसपी अशोक कुमार मीणा ने मदनापुर प्रभारी निरीक्षक तथा दरोगा को निलंबित कर दिया।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चित्ती निवासी विश्राम का पुत्र गोविंद(22) शनिवार को मदनापुर में बाइक की किश्त जमा करने गया था। वह शाम पांच बजे बाइक से गांव लौट रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका और चित्ती गांव से पहले छोड़ने के लिए कहा था। दोनों अज्ञात उसकी बाइक पर बैठ गए। रास्ते में गोविंद की गोली मारकर हत्या कर बाइक लूटकर ले गए थे। मृतक के पिता विश्राम ने मदनापुर थाने पर तहरीर दी थी। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। लेकिन रिपोर्ट में बाइक लूट की रिपोर्ट नहीं लिखी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिवार वालों ने प्रधान धमेंद्र सिंह से कहा कि पुलिस ने बाइक लूट की धारा नहीं लिखी। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार तथा हल्का दरोगा सत्यवीर सिंह पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिवार वाले वाहन से उसका शव लेकर शाम साढ़े चार बजे खिरनीबाग पहुंच गए। महिलाओं, परिवार तथा गांव वालों ने वाहन में शव रखकर चौराहे पर जाम लगा दिया। इस दौरान मदनापुर थाना प्रभारी तथा दरोगा के खिलाफ नारेबाजी की। जाम को लेकर एएसपी सिटी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट परवेंद्र कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडे, सीओ सदर अमित चौरसिया तथा कई थानों का पुलिस फोर्स पहुंच गया।

एएसपी सिटी व नगर मजिस्ट्रेट ने प्रधान धमेंद्र तथा मृतक के पिता विश्राम को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिवार वालों की मांग थी कि थाना प्रभारी अश्वनी कुमार तथा हल्का दरोगा सत्यवीर को निलंबित कर लूट की धारा बढ़ाई जाए। इस मांग को लेकर काफी देर तक पुलिस अधिकारियों से नोकझोंक हुई है। दो घंटे बाद प्रधान तथा परिवार वालों की दोनों मांगों को मान लिया। एसपी अशोक कुमार मीणा ने लापरवाही बरतने पर दोनों को निलंबित कर दिया और लूट की धारा बढ़वा दी।


खिरनी बाग चौराहे पर बिलख रही महिलाएं जमीन पर लेट गईं, एक महिला को ढांढ़स बंधाती रिश्तेदार। ● अमृत विचार


महिला इंस्पेक्टर से लिपटकर रोती परिवार की महिला।


जाम लगाने के दौरान बिलखती महिला को ढांढस बंधाते रिश्तेदार।


परिवार के एक व्यक्ति से लिपटकर बिलखती महिला। ● अमृत विचार



खिरनीबाग चौराहे पर मौजूद पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### पहले थाना प्रभारी और दरोगा को किया था लाइन हाजिर

एसपी ने थाना प्रभारी अश्वनी कुमार तथा दरोगा सत्यवीर को लाइन हाजिर किया। लेकिन मृतक के परिवार वाले तथा प्रधान इस बात से अड़े थे कि दोनों को निलंबित किया। सीओ सदर अमित चौरसिया ने व्हाटसएप पर प्रधान को दिखाया कि दोनों कर्मचारी लाइन हाजिर हो गए और लूट की धारा बढ़ा दी गई है। लेकिन परिजनों का कहना था कि जब तक दोनों निलंबित नहीं हो जाएंगे, शव रखकर जाम लगाए रहेंगे, चाहे दो दिन बैठना पड़ा। मामला तूल पकड़ने पर एक घंटे बाद एसपी ने दोनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया

### चौराहे पर लेट गईं महिलाएं

खिरनीबाग चौराहे पर महिलाएं सड़क पर लेट गई तो कुछ गश खाकर गिर गई। महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल था। महिला सिपाही ने महिलाओं को बार-बार उठाने का प्रयास किया लेकिन वह सड़क पर लेटी रही। मृतक की एक बहन रोते-रोते बेहोश हो गई। महिला सिपाहियों ने उसे उठाया और पानी पिलाकर साइड बैठाया। इधर अंटा चौराहा, इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा पीडब्लू तिराहे से वाहनों डायवर्जन कर दिया गया।

### पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने समझाया

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह खिरनीबाग जाम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रधान धमेंद्र सिंह तथा मृतक के पिता विश्राम से बात की। एसपी से फोन पर बात की।

> मदनापुर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार तथा हलका का दरोगा सत्यवीर को लूट की धारा न लिखने आदि लापरवाही में निलंबित कर दिया गया है। घटना के खुलासे के लिए टीमें लगाई गई है। घटना का शीघ्र खुलासा होगा।- अशोक कुमार मीणा, एसपी

## एक नजर

### ई-रिक्शा से टकराकर महिला घायल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला खिरनीबाग निवासी विक्रांत सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर 12 बजे उसकी चाची रजनी सिंह मंदिर से पूजा करके घर लौट रही थी। ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह बेहोश हो गई। चालक ई-रिक्शा लेकर भाग गया। उसकी चाची बरेली के एक अस्पताल में भर्ती है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### किशोरी को किया अगवा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि पांच जून की शाम उसकी 14 वर्षीया पुत्री गांव में किसी के घर काम से गई थी। वह रात नौ बजे तक नहीं लौटी तो उसकी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। उन्हें दूसरे दिन पता चला कि परौर का कमलेश उसकी नाबालिग पुत्री को अगवा कर ले गया है। आरोपी उसके घर आता-जाता था। पुलिस ने आरोपी कमलेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### मजदूरों पर दो लाख रुपये चोरी का आरोप

**पुवायां।** नगर के मोहल्ला छावनी निवासी रामबेटी ने तहरीर देकर बताया कि सात मई को उनका बेटा छोटू दो लाख रुपये लेकर लाया था, जो घर पर रखे हुए थे। घर में काम चल रहा था। आठ मई को दो मजदूर मशीन उठाने के लिए आए थे। आरोप है कि वह दो लाख रुपये का बैग उठाकर चले गए। जब बेटा वापस आया तो उसे थैला नहीं मिला। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर रुपये का थैला बरामद कराने की मांग की है।

# हादसों में एक की मौत, 11 घायल

संवाददाता, शाहजहांपुर/जलालाबाद

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे पर रोजा क्षेत्र में शनिवार रात अटसलिया ओवरब्रिज पर पिकअप ने कैंचीधाम जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। वहीं जलालाबाद में रविवार तड़के कार डिवाइडर से टकरा गई। इसमें दंपती समेत छह लोग घायल हो गए।

लखनऊ के गोमतीनगर से छह लोग बोलेरो से उत्तराखंड कैंची धाम दर्शन करने जा रहे थे। शनिवार देर रात नेशनल हाईवे पर थाना रोजा क्षेत्र में अटसलिया रेलवे ओवरब्रिज पर पीछे से आ रही पिकअप ने बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो असंतुलित होकर ओवरब्रिज पर पलट गई। बोलेरो पलटते ही उसमें सवार श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने बोलेरो में फंसे श्रद्धालुओं को निकाल कर जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान गोमती नगर निवासी बद्रीप्रसाद के पुत्र देवनारायण की मौत हो गई, जबकि अभिषेक गंभीर रूप में घायल हो गए। जिसे उपचार के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया तथा अन्य श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

**जलालाबाद।** कन्नौज जिले के सिद्धार्थ दुबे परिवार के साथ हरिद्वार गए थे। रविवार सुबह पांच बजे वह परिवार के साथ कार द्वारा हरिद्वार से कन्नौज वापस लौट रहे थे। कार संजीव उर्फ संजू चला रहा था। चालक को अचानक झपकी लग गई।

जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई। टकराने के बाद कार में सवार लोगों में चीख पुकार मचने लगी। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह मौके पर पहुंचे और कार में सवार घायलों को दरवाजा तोड़कर बमुश्किल बाहर निकाला। घायल सिद्धार्थ दुबे, उनकी पत्नी पूनम दुबे, पुत्र ओम दुबे, पुत्री श्रद्धा दुबे, साली की पुत्री सोनाक्षी त्रिपाठी एवं चालक संजीव को सीएचसी भेजा गया। डॉक्टर ने सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इधर खबर मिलने पर परिवार वाले कन्नौज से आए और सभी घायलों को लखनऊ ले गए।


जलालाबाद में डिवाइडर में घुसी कार।

- **लखनऊ निवासी बोलेरो सवार जा रहे थे कैंची धाम, शनिवार देर रात हुआ हादसा**
- **रोजा क्षेत्र में अटसलिया ओवरब्रिज पर बोलेरो को पिकअप ने मारी टक्कर**
- **जलालाबाद में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, हरिद्वार से लौट रहे थे कन्नौज के लोग**

### मैजिक और बाइक की भिड़ंत, चालक सहित तीन घायल

**खुटार।** पुवायां रोड पर गांव रुजहा कलां मोड़ के पास रविवार रात करीब 8:30 बजे मैजिक (छोटा हाथी) और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार शाहजहांपुर थाना सदर के गांव चिनौर निवासी होशियार सिंह यादव (45) और उनकी पुत्री प्रांसी यादव (12) और मैजिक चालक जनपद शाहजहांपुर के मोहल्ला अजीजगंज निवासी अरविंद वर्मा का पुत्र अभिषेक वर्मा (21) गंभीर घायल हो गया। डॉक्टर ने गंभीर घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। शाहजहांपुर के गांव चिनौर की रहने वाली प्रांसी ने बताया कि वह और उसके पिता होशियार सिंह बाइक से खुटार के गांव पीतमपुर निवासी नाना के घर जा रही थी। उधर, शाहजहांपुर के मोहल्ला अजीजगंज निवासी अभिषेक वर्मा छोटा मैजिक वाहन में सामान भरकर खुटार आया था। रात में वापस घर लौट रहा था। गांव रुजहा कलां मोड़ के पास बाइक और मैजिक की टक्कर हो गई। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर गांव रसवां कलां के रहने वाले अनुपम सक्सेना, जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल, प्रधान रूपराम के साथी तमाम लोगों ने घायलों को उठाया और निजी वाहन से अस्पताल लेकर आये। सूचना पाकर थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों के परिजनों के बारे में जानकारी कर सूचना दी। डॉक्टर ने गंभीर हालत में घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।






# घर में घुसी तेज रफ्तार बस, दीवार टूटी

संवादाता, खुटार

**अमृत विचार:** खुटार से पलिया जा रही प्राइवेट बस रविवार दोपहर अनियंत्रित होकर गांव नरौठा देवीदास में सड़क किनारे बने अमित राठौर के मकान की दीवार में जा घुसी। जिससे दीवार टूट गई। गनीमत रही कि परिवारवाले और राहगीर बाल-बाल बच गए।

हादसा तेज रफ्तार और सड़क पर गहरे गड्ढे में पहिया जाने के बाद बस के अनियंत्रित होने पर हुआ। गनीमत रही कि बस की चपेट में कोई नहीं आया। दीवार में तेज रफ्तार से घुसी बस के टकराने से धमाका होने पर आसपड़ोस में रहने वाले बड़ा हादसे की आशंका में दौड़कर मौके पर पहुंच गए। बस से दीवार, नल, तखत, बाल्टी टूट गई और हजारों रुपये का नुकसान हो गया। बस का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ लिया और बस सड़क किनारे खड़ी करा दी। मकान स्वामी अमित राठौर और बस चालक में बातचीत के दौरान गाली गलौज होने लगी। इस बीच बस में बैठी सवारियां उतर कर आने जाने वाले वाहनों को रोककर अपने घरों को निकल गई। तेज धूप में भीषण गर्मी में महिलाओं, पुरुषों को बच्चों को लेकर काफी परेशानी उठानी पड़ी। चालक ने फोन कर खुटार से ठेकेदार (मैनेजर) को बुला लिया, जिसने परिजनों से बातचीत की, तो उन्होंने नुकसान की कीमत मांगी लेकिन बात नहीं बनने पर बहस शुरू हो गई। इसके बाद मैनेजर और मकान स्वामी अमित राठौर के बीच समझौता हुआ। जहां नुकसान की भरपाई करने के बाद चालक बस लेकर चला गया। उधर, चालक के मुताबिक बस की कमानी का पटा टूट गया।


बस की टक्कर से टूटी दीवार को देखते परिवारवाले। ● अमृत विचार

- **मैलानी मार्ग पर हुआ हादसा बाल-बाल बचा परिवार**
- **नुकसान की भरपाई के बाद छोड़ा, दूसरी बस से गईं सवारियां**

### प्राइवेट बस चालक बेलगाम

ग्रामीणों ने बताया कि प्राइवेट बस में सवारियों को ठूंसकर बैठाकर चालक तेज रफ्तार से चलते है। साथ ही फोन पर बात करते समय वाहन किसी बात का ध्यान नहीं रहता है। चालकों की लापरवाही से हादसों में लोगों की जान जाने और घायल हो रहे हैं। इसके अलावा पुलिस भी कार्रवाई नहीं करती है।



इसी बस से हुआ हादसा।

# शराब पीने से डांटा तो फंदे पर लटक युवक ने दी जान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** परिवार वालों की डांट से क्षुब्ध होकर खेत पर एक युवक ने बहन के दुपट्टे से पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। वह शराब का आदी था। परिवार वालों ने शराब पीने पर उसे डाट दिया था।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कारी मकुआपुर निवासी लोदूलाल का पुत्र विजय कुमार(22) खेती करता था। वह शनिवार रात आठ बजे खाना खाकर खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए गया। रविवार की सुबह छह बजे गांव वाले खेत पर जा रहे थे। गांव के बाहर शीशम के पेड़ पर दुपट्टे से उसका शव लटका हुआ देखा। गांव वालों की भीड़ लग गई। सूचना पर थाना प्रभारी सीपी शुक्ला मौके पर पहुंचे और शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता लोदूलाल ने बताया कि उसका बेटा शराब का आदी था। शराब पीने पर परिवार वालों ने उसे डांट दिया था। उनका कोई आरोप नहीं है। उन्होंने बताया कि जिस दुपट्टे से फांसी लगाई है, वह उसकी बहन का है। वह धूप के चलते बहन का दुपट्टा लेकर घूमता था। दो भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी एक बहन है और मां ऊषा है। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

# पुलिस ने वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान जिले की पुलिस ने कई वारंटियों को गिरफ्तार किया। निगोही पुलिस ने महेश निवासी महमूदपुर थाना निगोही, वीकेश कुमार निवासी कूकहा महमदपुर थाना निगोही, अतेंद्र निवासी खिरिया थाना निगोही को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ कोर्ट से वारंटी जारी हुआ था। जलालाबाद पुलिस ने राम स्वरुप निवासी अमापुर थाना जलालाबाद, बलवीर निवासी राजपुर नगला थाना जलालाबाद, छविनाथ निवासी डहर थाना जलालाबाद, लालाराम निवासी मनोरथपुर थाना जलालाबाद, सोनू निवासी खण्डर थाना जलालाबाद, राजकुमार निवासी खेड़ा बहादुरपुर थाना जलालाबाद, वेदपाल, रामबाबू, सुरजीत कुमार, संत कुमार निवासी सिकन्दरपुर थाना जलालाबाद, पपले, रिषीपाल, आशाराम निवासी कटका बहादुरपुर थाना जलालाबाद, सुनील निवासी बौरी थाना जलालाबाद, दिनेश सरदार नगर थाना जलालाबाद, आरिफ निवासी गौसनगर थाना जलालाबाद समेत बीस वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# गंदगी से उफना रहीं नालियां...सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

## खुटार नगर के कई मोहल्लों में नालियों से उठ रही दुर्गंध, बोले लोग- कभी कभार होती है सफाई

यह कैसा स्वच्छ भारत मिशन

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत खुटार नगर में इसका कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। कई मोहल्ले में नालियों में गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। साथ ही नालियों में पॉलीथिन, कीचड़ और गंदगी भरी पड़ी है। लोगों का कहना है कि कभी कभार नालियों की साफ सफाई होती है। सफाईकर्मी के नहीं आने से यह हाल है। वहीं, जिम्मेदार साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने का दावा कर रहे हैं लेकिन आलम यह है कि गंदगी की भरमार है। घरों के सामने गंदगी जमा रहने से दुर्गंध उठने लगी है। इससे लोगों को इस परेशानी के बीच रहना काफी मुश्किल हो रहा है। इसके बावजूद इसके नगर पंचायत प्रशासन ध्यान देने की जरूरत नहीं समझ रहा है।

खुटार नगर के कई मोहल्लों में नालियां गंदगी से चोक हैं।



मोहल्ला गांधी नगर में नालियों में भरी कीचड़ और गंदगी।



मोहल्ला बजरिया में खड़ंजे पर पहुंचा नाली का पानी।



मोहल्ला रायटोला में गंदगी से नाली हुई गायब।

● जिम्मेदार साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने का कर रहे दावा

पानी ठहरा हुआ है और निकास बिल्कुल बंद है। गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। कई दिनों से सफाई नहीं होने से नगर के मोहल्ला रायटोला में रामनहोरे, बगियानाथ (लखपेड़ा) में विनोद, लाल बहादुर, बजरिया में आदित्य पांडेय और गांधीनगर की नालियों में कूड़ा करकट भरा हुआ है और गंदगी जम गई है। जिस कारण गंदा पानी सड़कों के ऊपर से बह रहा है। घरों के सामने गंदगी फैली हुई है। लोगों ने बताया कि इससे दुर्गंध उठने लगी है।

सफाईकर्मी कभी-कभी आते है लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है। मेन मोहल्लों में सफाई कराकर स्वच्छ और स्वस्थ रखने का दावा कर रहे है। लेकिन अंदर के गली मोहल्लों में सफाई पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग नगर पंचायत प्रशासन से की है।नगर के कई मोहल्ले में नालियां तो बनी है। लेकिन उनके ऊपर पटले रखवाने की जरा भी जहमत नहीं समझी गई है। कारण है कि खुले नालों और नालियों के रहने से मोहल्ले के लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। तो कुछ स्थानों पर सीमेंट के पटले टूट चुके हैं। इस बात को लेकर कई बार लोगों ने जिम्मेदारों से कहा। लेकिन इस बात पर गौर नहीं किया गया। नगर पंचायत प्रशासन के रवैये से लोगों को परेशानी हो रही है।

### घसड़कों पर लगे हैं कूड़े के ढेर

नगर पंचायत प्रशासन की ओर से रोजाना मोहल्ले से उठने वाला कूड़ा करकट वाहनों में भरकर ले जाया जा रहा है। लेकिन उसे डंपिंग ग्राउंड में डालने की जगह सड़कों किनारे डाला जा रहा है। इससे राहगीरों को इस दुर्गंध से काफी परेशानी उठानी होती है। सफाई कर्मियों के साथ ही जिम्मेदारों का ध्यान इस तरफ नहीं गया। इसके अलावा पॉलिथीन, कूड़ा करकट सड़कों पर जा रहा है।

बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। इसलिए लगातार नगर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण कराया जाएगा। यदि किसी भी मोहल्ले में सफाई नहीं हुई है। तो कर्मचारियों को भेजकर सफाई कराई जाएगी।

– सतेंद्र प्रकाश, ईओ खुटार

# मारपीट और धक्का मुक्की में गिरे वृद्ध की मौत

संवाददाता, तिलहर

● परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार:** मारपीट और धक्का-मुक्की के दौरान जमीन पर बेसुध होकर गिरे वृद्ध की मौत हो गई। परिजनों ने मारपीट करने वालों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच कर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र के गांव राजपुर निवासी पीआरडी जवान नरेश पाल ने बताया कि 25 मई को गांव के एक ग्रामीण के ट्रैक्टर से उनके पुत्र देवांश(17) को चोट लग गई थी। जिसका गांव के कुछ लोगों ने समझौता कराया जिसमें इलाज करने की बात तय हुई थी। पुत्र का इलाज आरोपी द्वारा शाहजहांपुर से करवाया जा रहा है। शनिवार देर शाम इलाज कराए जाने को लेकर देवांश के चाचा छविनाथ की आरोपी एवं कुछ लोगों से कहा सुनी एवं मारपीट होने लगी। चीख पुकार सुनकर उनके पिता ओमकारपाल भी मौके पर पहुंच गए और उन लोगों से मारपीट व धक्का-मुक्की गाली गलौज होने लगी। इसी दौरान पिता जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नरेश पाल ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वहीं कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया इस विवेचना की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



मृतक ओमकारपाल

### तमंचा समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाने के दरोगा सुकेंद्र पाल सिंह को रविवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि बंथरा डिपो के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और तलाशी ली। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद मिला। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### चोरों के खिलाफ केस दर्ज

**पुवायां।** बड़ौरा गांव के अब्दुल शकूर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। अब्दुल शकूर ने बताया कि शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे के कमरे में नकब लगाकर माल जेवर व नगदी चुरा ली थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लूट का खुलासा नहीं होने से व्यापारी खफा, थाने पहुंचे

**कलान, अमृत विचार:** सराफा की दुकान से दिनदहाड़े हुई लूट की घटना का 24 घंटे का समय बीत गया लेकिन खुलासा नहीं हो पाया। जिस पर व्यापारी थाने पहुंचे और नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र लुटेरों की गिरफ्तार करने की मांग की। कलान कस्बे में स्टेट हाईवे के किनारे स्थित सराफा की दुकान में शनिवार को बजे ग्राहक बनकर आए बाइक सवार लुटेरों ने सोने चांदी जेवरात लूट लिए थे। घटना के 24 घंटे बीत चुके हैं लेकिन पुलिस ने घटना का खुलासा नहीं कर पाया है और न ही लुटेरे का कोई सुराग लगा पाया है, जिससे कस्बे के व्यापारियों में पुलिस के प्रति नाराजगी है। कस्बे में मुकेश मोहन गुप्ता के आवास पर व्यापारियों की एक बैठक हुई, जिसमें लूट की घटना पर आक्रोश जताया गया। व्यापारी थाने पहुंचे और थाना प्रभारी से मिले व्यापारियों ने थाना प्रभारी से तत्काल लूट का खुलासा करने की मांग की। थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि पुलिस टीम के साथ एसओजी टीम भी लगी हुई है। जल्द ही लूट की घटना का खुलासा किया जाएगा। इस मौके पर मुकेश मोहन गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मटरे लाल गुप्ता, रोहित गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, समेत अन्य लोग थे।

# इंजीनियर बेटा ऑस्ट्रेलिया में... बीमार पिता से जालसाजों ने अपने नाम करा ली संपत्ति

संवाददाता, तिलहर/ शाहजहांपुर

● कई महीनों तक घर में बनाए रखा बंधक, रिश्तेदारों व परिचितों से मिलने नहीं दिया

● पिता की मौत की सूचना पर बेटा देश लौटा तो पिता का हो चुका था अंतिम संस्कार

**अमृत विचार:** एयरक्राफ्ट इंजीनियर बेटा ऑस्ट्रेलिया में रह रहा था, इधर मोहल्ले के ही जालसाज ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके बीमार पिता से धोखाधड़ी कर संपत्ति अपने नाम करा ली। कई महीनों तक बुजुर्ग को जालसाज ने घर में बंधक बनाए रखा। मौत की सूचना पर बेटा देश लौटा तो पिता का अंतिम संस्कार किया जा चुका था। जानकारी होने पर आरोपी जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने तिलहर कोतवाली को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तिलहर के मोहल्ला कांकड़ निवासी असद उल्ला खान ने बताया कि वह एयरक्राफ्ट इंजीनियर है। वह 40 साल से ऑस्ट्रेलिया में रह रहा है। उसके पिता सबीह उल्ला खान(90) अपने पैत्रक मकान में रह रहे थे। मां की मृत्यु आठ वर्ष पहले हो गई थी। बहन दुबई में है जो कैंसर पीड़ित है इसलिए पिता यहां अकेले ही रह रहे थे। मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति पिता की देखभाल करते था। पीड़ित ने बताया कि पिता के नाम 42 बीघा जमीन थी। पिता की देखभाल करने वाले व्यक्ति ने उनकी बीमारी का फायदा उठाते हुए कुछ लोगों के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा और सारी संपत्ति अपने व अन्य लोगों के नाम करा दी। पिता के अकाउंट में लाखों रुपये थे, उन्हें भी निकाल लिया। पिता को बंधक बना अपने घर में रख लिया और किसी रिश्तेदार व परिचित से भी मिलने नहीं दिया।

आरोपी ने ही उसे पिता की मौत की सूचना दी थी, जिस पर उसने कहा था कि वह आ रहा है और पुश्तैनी मकान में अंतिम संस्कार करेंगे लेकिन उसके आने से पहले अंतिम संस्कार कर दिया गया। यहां आने पर परिचित व रिश्तेदारों से पता लगा कि उनके पिता से किसी को मिलने नहीं दिया जा रहा था। जब उसने अपने पिता का पेनकार्ड, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, मोबाइल फोन, पासपोर्ट आदि रिकॉर्ड मांगा, तो उसने देने से मना कर दिया। पीड़ित ने बताया कि अब आरोपी कानूनी कार्रवाई करने पर धमकी दे रहा है। रिश्तेदारों को भी धमका रहा है कि उसने किसी ने मदद की तो उसे झूठे मुकदमे में फंसवा दूंगा। पीड़ित ने तिलहर थानाध्यक्ष से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### धोखाधड़ी कर बैनामा कराने का आरोपी गिरफ्तार



**पुवायां।** धोखाधड़ी कर भूमि का फर्जी तरीके से बैनामा कराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस ने तीन माह पूर्व चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुवायां के गांव नवादा सोनवर्षी निवासी राजेंद्र सिंह ने एक मार्च को गांव के ही अजमेर सिंह, सूबेदार सिंह निवासी खरेटा थाना मैलानी जिला खीरी तथा रामगोपाल, गजेंद्र निवासी नवदिया मनकंद के खिलाफ भूमि का फर्जी तरीके से भूमि का बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सूबेदार सिंह को बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। धोखाधड़ी करने के आरोपी को प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय, दरोगा सोनपाल, सिपाही नीरेश सिंह एवं सचिन ने गिरफ्तार किया।

# थाने से चंद कदम पर मोबाइल शॉप से चोरी

**निगोही।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर के निवासी देवेंद्र सिंह कुशवाहा की मोबाइल की दुकान थाने से चंद कदम की दूरी पर ब्लॉक गेट पर है। शनिवार रात चोरों ने दुकान के पीछे से नकब लगा दी और दुकान के अंदर से एंड्रॉयड मोबाइल, स्पीकर, चार्जर, हेडफोन आदि सामान ले गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने चोरों की सुरागरसी कर घटना के खुलासे का आश्वासन दिया है।


# सड़क पर पड़ा था एचटी लाइन का तार, करंट से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, मदनापुर

● बहन की ससुराल जा रहा था मोहित, साथी बाल-बाल बचा

**अमृत विचार:** नहरोसा-बरखेड़ा मार्ग पर हाईटेंशन का लाइन टूटा हुआ था। वहां से गुजर रही बाइक तार में उलझ गई। बाइक सवार एक युवक की करंट से मौत हो गई। साथी करंट लगने से दूर जाकर गिर गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव जिरायू निवासी मोहित सिंह(27) की बहन रोली की ससुराल कटरा थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में है। रविवार की सुबह पांच बजे वह अपने दोस्त मुनेंद्र के साथ बाइक से बहन की ससुराल जा रहा था। रोहित खुद बाइक चला रहा था और मुनेंद्र बाइक के पीछे बैठा हुआ था। नहरोसा-बरखेड़ा मार्ग पर चित्ती गांव से पहले हाईटेशन लाइन का टूटा तार सड़क पर पड़ा था। मोहित ने समझा कि करंट नहीं होगा। बाइक तार पर आई तो करंट लगने से उसका साथी मुनेंद्र तो दूर जाकर गिर गया। जबकि मोहित को करंट लग गया। इस दौरान उसका साथी खेत से बांस उखाड़कर लाया और तार पर मारा तो मोहित अलग हुआ। लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। राहगीरों की भीड़ लग गई। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार पहुंच गए। इधर सूचना मिलने पर मृतक के पिता ब्रहमपाल परिवार वालों के साथ पहुंचे। थाना प्रभारी ने उपकेंद्र पर सिपाही भेजकर लाइन बंद कराई। बताते है कि सुबह चार बजे के आस-पास हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गया होगा। मोहित पिता के साथ खेती में हाथ बंटाता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसकी मां का नाम सर्वेशा देवी व दो भाइयों में छोटा था। उसकी तीन बहनें है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।



मृतक मोहित।

### जेई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मदनापुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव जिराऊ निवासी ब्रहमपाल सिंह ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसका पुत्र मोहित सुबह पांच बजे गांव जिराऊ से अपनी बहन की ससुराल हरिहरपुर थाना कटरा अपने साथी मुनेंद्र के साथ बाइक से जा रहा था। नहरोसा व चित्ती गांव के बीच सड़क पर 11 हजार बिजली की लाइन का तार टूटा पड़ा था। बिजली के तार में बाइक तथा उसका पैर उलझ गया और उसके बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। उसका साथी झटके से दूर जाकर गिरा। उनका आरोप है कि बिजली का तार टूट जाने से लाइन बंद नहीं की गयी। आरोप है कि बिजली विभाग के जेई की घोर लापरवाही है। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि अज्ञात जेई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने लगाया निःशुल्क हड्डी रोग शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के द्वारा संचालित अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर अकर्रा रसूलपुर में रविवार को निःशुल्क हड्डी रोग शिविर लगाया गया।

मरीजों की बीएमडी व ब्लड शुगर की जांच की गई। निःशुल्क परामर्श के साथ दवाइयां भी दी गईं। साथ ही जांचों एवं सिटी स्कैन तथा एमआरआई के डिस्काउंट कूपन वितरित किए गए। पीआरओ मोहित थापा ने बताया कि भविष्य में भी प्रत्येक माह के चौथे रविवार को निःशुल्क हड्डी रोग शिविर लगता रहेगा। बताया कि गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन का दर्द, रीढ़ का दर्द, जन्म से टेड़े-मेड़े हाथों पैरों का इलाज, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद आने का इलाज, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, सभी प्रकार की टूटी हुई हड्डी का प्लास्टर एवं ऑपरेशन द्वारा सफल इलाज ऑपरेशन तथा आईसीयू की सुविधा सस्ते दरों पर है। शिविर में स्पाइन व जोड़ प्रत्यारोपण विभाग के डॉ. अंशुमन दास, डॉ. पार्थ की चिकित्सीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।



महिला का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

# तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**पुवायां, अमृत विचार:** काफी दिन से फरार चल रहे तीन वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सभी के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के आदेश पर पुलिस ने शनिवार की रात अभियान चलाकर तीन वारंटी को भगवान दास पुत्र पूरन, सर्वेश कुमार पुत्र पूरन निवासी चादर गौटिया तथा छत्रपाल पुत्र राम प्रसाद निवासी जड़ोंली को गिरफ्तार किया। वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय, दरोगा प्रमोद कुमार, जितेंद्र पाल, सारंग कुमार, सिपाही विकास बालियान, रोहित कुमार, अक्षय बालियान मौजूद रहे।

# खेत की तारकशी में छोड़ा करंट, तीन गोवंशीय की मौत

संवाददाता, जैतीपुर

● फसल की रखवाली को लगाए तार,खेत मालिक पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव भिटारा में फसल की सुरक्षा को खेत के चारों तरफ लगे तार में खेत मालिक ने करंट छोड़ दिया। जिसकी चपेट में आकर रात में किसी समय तीन गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। पुलिस नें पशुपालन विभाग को जानकारी दी। टीम के साथ पहुंचे डॉ. आशीष बघेल ने पशुओं का पोस्टमार्टम किया।

गांव भिटारा निवासी बृजेश, कल्लू, धनीराम ने अपने खेत में साठा धान की फसल लगाई है। खेत में ही ट्यूबवेल लगा है। फसल के चारों तरफ तार लगे हैं। जिनमें करंट छोड़ा गया। करंट की चपेट में आकर तीन गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। तड़के ही खेत मालिक ने एक ट्रैक्टर ट्राली लाकर मृत गो वंशीय पशुओं को बिहारीपुर गांव स्थित गन्ने के खेत में डाल दिया।

पशुओं की मौत की जानकारी जब ग्रामीणों व गौ रक्षक संघ को हुई, तो उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। डॉक्टर आशीष बघेल ने गोवंशीय पशुओं का पोस्टमार्टम किया। थानाध्यक्ष अवधेश सेंगर ने बताया कि मामले में खेत मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### भंडारा करने आए ग्रामीण से मारपीट

**दियोरियाकलां।** भंडारा करने के लिए बरखेड़ा चतुरहा के देवस्थान पर गए ग्रामीण से झूला संचालक व उसके साथियों ने मारपीट की। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव लखनऊ कलां के रहने वाले राजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दियोरिया थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा चतुरहा में सूखा नाथ शिव मंदिर पर भंडारा करने आए थे। वहां पर बरखेड़ा चतुरहा के झूला संचालक सुखलाल, सचिन, सुखलाल ने गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। शोर पर जमा हुए लोगों ने बीच बचाव कराया। उसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### पिता-पुत्र को घर में घुसकर पीटा

**घुंघचिहाई।** मेड़ काटने का विरोध करने पर एक युवक की पिटाई कर दी गई। इतना ही नहीं बचाने आए उसके पिता पर आरोपियों ने फावड़े से वार कर दिए। मामला ग्राम पुन्नापुर टांडा का है। विवेक ने बताया आठ जून को गांव के श्यामाचरण, लक्ष्मीकांत, अंकित, लज्जावती से खेत की मेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया था। इसी के चलते आरोपी लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। पिता बचाने आए तो उनको भी पीटा।

# एक दिन पहले पति से झगड़ा, दूसरे दिन हो गई मौत ...मायके वाले बोले- कर दी बेटी की हत्या

## ससुराल से मिली फंदा लगाकर जान देने की सूचना तो पहुंचे मायके वाले

संवाददाता, जहानाबाद(पीलीभीत)



विवाहिता की मौत के बाद विलाप करते परिवार वाले। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की ससुराल में मौत हो गई। ससुराल के एक सदस्य से फंदा लगाकर खुदकुशी करने की सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और सवाल -जवाब किया। मगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। मायके वालों ने विवाहिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।



मृतका लज्जावती।

अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरा दुनबा अंटा गौटिया की रहने वाली 40 वर्षीय लज्जावती की शादी करीब पंद्रह साल पहले जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम भौना के ओमप्रकाश से हुई थी। उसके एक बेटा और तीन बेटियां हैं। पति शराब का नशा अधिक करता है। ससुराल में लज्जावती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को ससुराल के एक सदस्य ने मायके वालों को कॉल कर विवाहिता के फंदा से लटककर खुदकुशी करने की सूचना दी। जिसे सुनकर मायके वालों के होश उड़ गए। कुछ ही देर में मायके वाले मौके पर पहुंच गए। बताते हैं कि ससुराल के अधिकांश सदस्य घर पर नहीं थे। एक महिला मौजूद थी। उसने जिस स्थान पर फंदा लगाकर जान देने की बात कही, वह भी मायके वालों को संदिग्ध लगी। सवालों के भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल सके। शव भी जमीन पर पड़ा हुआ था। इस पर बताया गया कि फंदे से ससुरालियों ने उतार लिया था। खुदकुशी के पीछे की वजह भी नहीं बता सके। मायके वालों ने हत्या करने की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतका के बच्चों से भी बातचीत कर घटना को जानने का प्रयास किया। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पुलिस अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, छानबीन में जुटी
- संतोषजनक जवाब न मिलने पर बढ़ा शक

### घर पर रखे रुपये से पी ली शराब, फिर हुआ झगड़ा

पुलिस की शुरुआती छानबीन बच्चों से की गई पूछताछ में शनिवार को दंपति के बीच झगड़ा होने की बात निकलकर आई है। बताते हैं कि घर पर तेल बेचकर लाए रुपये रखे हुए थे। जिसे चुपचाप निकाल कर ओमप्रकाश ने शराब पी ली थी। जब पत्नी लज्जावती को इसका पता चला तो उसने पति से पूछा। इसी बात पर दंपति के बीच झगड़ा हो गया। अब इसी में हत्या की गई या फिर महिला ने फंदा लगाकर जान दी। इसे लेकर पुलिस पड़ताल करती रही।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छानबीन चल रही है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कराई जा रही है।
– मुकेश शुक्ला, इंस्पेक्टर जहानाबाद

## गैंगरेप के आरोपियों से परेशान परिवार पलायन को मजबूर

**बिलसंडा, अमृत विचार:** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से घबराया परिवार पलायन को मजबूर है।

थाना क्षेत्र की एक 14 वर्षीय किशोरी सिंचाई करने गई थी। आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाले तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन पुलिस टाल गई। फिर एसपी के आदेश पर बमुश्किल रिपोर्ट दर्ज की जा सकी। मगर पखवाड़ा भर बीतने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। पीड़ित परिवार की मानें तो आरोपी सुलह का दबाव बनाते हुए लगातार धमकी दे रहे हैं। इसकी भी पुलिस से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

अब रविवार को मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब परिवार की ओर से मकान के बाहर फ्लैक्स टांग दिया गया। जिसमें यह लिखा था कि दबंगो से परेशान होकर वह अपना मकान बेचने को मजबूर हैं। शासन प्रशासन से मदद मांगी गई लेकिन मदद नहीं की गई। फिलहाल पुलिस फ्लैक्स लगा होने को लेकर अनभिज्ञता जता रही है। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

# मोबाइल से निकला धुआं धमाके के साथ उड़े परखच्चे

संवाददाता, खुटार



जमीन पर पड़ा मोबाइल।

- अधिक समय तक चार्जिंग पर लगाने से हो गया था गरम

**अमृत विचार:** घर में मोबाइल की बैटरी चार्ज होने के बाद युवक ने नेट खोला और फेसबुक चलाने लगा। इस दौरान मोबाइल से धुआं निकलना शुरू हो गया। युवक ने डर के कारण मोबाइल को आंगन में फेंक दिया। तभी अचानक मोबाइल फट गया और उसके टुकड़े हो गए।

नगर के मोहल्ला सरोजनीनगर निवासी पप्पू गौतम ने बताया कि शनिवार को उसने घर में मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। चार्ज होने के बाद शाम करीब छह बजे नेट खोलकर फेसबुक चलाने लगा। अचानक मोबाइल से धुआं निकलना शुरू हो गया। अनहोनी के डर से मोबाइल को दूर फेंक दिया। जमीन पर गिरते ही उसमें तेज धमाका हुआ और उसके परखच्चे उड़ गए। इससे घर में मौजूद सदस्य घबरा गए। मोबाइल फटने की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ लग गई। पप्पू गौतम ने बताया कि अगर मोबाइल हाथ में पकड़े रहता तो कुछ भी हो सकता था। मोबाइल की कीमत करीब 18 हजार रुपये थी। मोबाइल दुकानदारों ने बताया कि मोबाइल ज्यादा देर तक न लगाएं रखें। बैटरी चार्ज होने के बाद मोबाइल निकाल लें। अधिक समय तक चलाएं। बैटरी खराब होने पर दूसरी डलवाएं।

## ससुर को बचाने पहुंची गर्भवती को दिया धक्का

**गजरौला।** ग्राम चुड़ैला बंजरिया के रहने वाले तेजराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेड़ के विवाद में आठ जून की सुबह पुांच बजे भाई जमुना प्रसाद और भतीजा अरुण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। जान से मारने की धमकी दी। शोर पर पहुंचे परिवार के लोगों ने बचाने का प्रयास किया तो उनसे भी मारपीट की। गर्भवती पुत्रवधू सुशीला देवी को भी धक्का दे दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## एमएसडी को हराकर बजरंगदल ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विजेता बजरंगदल टीम को पुरस्कृत करते मुख्य आयोजक सुमित कुमार।

**अमृत विचार:** मिशन फील्ड पर चल रहे अंडर- 15 मां दुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट बजरंगदल ने जीत लिया है। फाइनल मैच में बजरंग दल ने एमएसडी टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

बजरंग दल के कप्तान देव दीक्षित ने टॉस जीतकर पहले एमएसडी टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। एमएसडी टीम ने 10 ओवर में 48 रन बनाए, जिसमे प्रमुख रूप से फिरोज ने 25 रन बनाए। जवाब में बैटिंग करते हुए बजरंग दल टीम से नितिन ने 29 और अक्षय ने 11 रन बनाकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बजरंग दल के कप्तान देव दीक्षित ने लगातार दो गगनचुंबी छक्के मारकर जीत को आसान बना दिया। मैन ऑफ द मैच गोलू रहे, जिन्होंने तीन विकेट झटके। समापन पर आयोजक सुमित कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## पुरानी रंजिश के चलते मां-बेटा को पीटा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** दिलावरपुर के महेश कुमार ने बताया कि तीन जून को वह खेत पर जा रहे थे। रास्ते में छोटेलाल, संतराम, सोनपाल, चंद्रप्रकाश ने पुराने विवाद में रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो हमला कर दिया। वह बचकर घर में आ गए। पीछे से आरोपी भी घर में घुस आए और मारपीट की। शोर पर मां शांति देवी और पुत्र मुनीष बचाने आए तो उनको भी पीटा। आसपास के लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# ओसीएफ कर्मियों ने बस अड्डे पर पिलाया शर्बत



रोडवेज बस अड्डे पर शर्बत वितरण करते समाजसेवी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर रोडवेज बस अड्डे पर लगाई छबील

**अमृत विचार:** गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को रोडवेज बस अड्डे पर शर्बत वितरण किया गया। ओसीएफ कर्मचारियों की ओर से छबील लगाकर यात्रियों और आसपास के लोगों को भीषण गर्मी में शीतल शर्बत पिलाकर पुण्य कमाया।

शर्बत वितरण सुबह 10 बजे से शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। सैकड़ों लोगों ने शीतल शर्बत का आनंद लिया, जो देर शाम तक चला। शर्बत वितरण में जागीर सिंह, प्रेम प्रकाश नंदा, अशोक कुमार यादव, अनिल कालरा, प्रेम कुमार, करमजीत सिंह, निशान सिंह, संजीव सक्सेना, हीरा सिंह, अमन सक्सेना, राजेश सक्सेना, विनोद मिश्रा, जगपाल सिंह, अनुज श्रीवास्तव, हरिओम, बलजीत सिंह, दिनेश सक्सेना, आनंद पांडेय आदि का सहयोग रहा।

## खुटार के युवाओं ने बांटा शर्बत

**खुटार, अमृत विचार:** गांव चांदपुर के रहने वाले अर्कवंशी के लोगों ने गांव के बाहर सड़क किनारे स्थित महेश बाबा (शिवा महेश्वर धाम) स्थान पर रविवार सुबह शर्बत का प्याऊ लगवाया। राहगीरों ने शर्बत पीकर चैन की राहत ली, साथ ही भगवान शिव के दर्शन किए।

प्याऊ लगवाने में गांव चांदपुर के रहने वाले श्याम बिहारी, कुलदीप, अवनीश, राम मिलन, राजन, कपिल, विवेक, देववृत, जसविंदर, सौरभ, जसकरन, राजू आदि अर्कवंशी के लोगों का सहयोग रहा है। उधर, नगर के मोहल्ला रायटोला निवासी एडवोकेट देवेश गुप्ता ने गुलराह नाथ मंदिर मोड़ के पास सड़क किनारे शर्बत का प्याऊ लगवाया। जहां आसपास में रहने वाले लोगों शर्बत बांटकर राहगीरों को पिलाया। रविवार सुबह से शाम तक राहगीरों को राहत मिली। देवेश गुप्ता ने शर्बत बांटने में सहयोग करने वालों का धन्यवाद दिया।



महेश बाबा के स्थान पर शर्बत का वितरण करते युवा। ● अमृत विचार




## बेला की टीम ने जीता उद्घाटन मैच

**पुवायां।** घनश्यामपुर खुर्द में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन हुआ। पहला उद्घाटन मैच बेला एवं हरीपुर पूरनपुर की टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रधान प्रतिनिधि इमरान खान ने किया। इसके बाद हरीपुर की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। हरीपुर की पहले बॉलिंग करने पर बेला की टीम ने 10 ओवर में सभी विकेट खोकर 99 रनों का स्कोर खड़ा किया। इस स्कोर का पीछा करते हुए हरिपुर की टीम मात्र 75 रनों का स्कोर ही बना पाई, जिससे उसे 14 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मैच में अंपायरिंग वसीम खान व मशील खान ने की।

# 242 ने कराया पंजीकरण, आठ में मिला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बच्चे के दांतों का परीक्षण करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज ने खुदागंज के हसनापुर में लगाया नि:शुल्क शिविर

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से रविवार को खुदागंज क्षेत्र के ग्राम हसनापुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कुल 242 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें आठ में मोतियाबिंद मिला। जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में निःशुल्क किया जाएगा।

इस अवसर पर 47 मरीजों की ब्लड शुगर, 64 की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई व सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों के छूट के कूपन दिए गए। पीआरओ सतीश चंद्र ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक किया।

स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत तथा खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। बताया: अस्पताल में मरीजों के लिए भर्ती, पलंग, नर्सिंग केयर एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा निशुल्क उपलब्ध रहेगी। साथ ही हर प्रकार के ऑपरेशन, सस्ती दवाइयों, आईसीयू, वेंटीलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड आदि की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है। शिविर में रामकिशोर सिंह, प्रशांत सिंह, ब्रजेश मिश्रा आदि का योगदान रहा। डॉ. अंजनी नायडू, अनुज कुमार, डॉ. निधि, डॉ. धरानी नाथ, डॉ. रिव्या सिंह समेत मेडिकल कॉलेज के पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर को हराकर प्रयागराज की टीम बनीं चैंपियन

**पीलीभीत:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से गांधी स्टेडियम में आयोजित की गई राज्य स्तरीय गर्ल्स हॉकी प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन फाइनल मैच खेले गए।

रविवार को पहला सेमीफाइनल शाहजहांपुर और कानपुर के बीच हुआ। जिसमें कानपुर एक और शाहजहांपुर दो गोल मारकर विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल प्रयागराज व पीलीभीत के बीच हुआ। प्रयागराज की टीम विजयी रही। अंत में फाइनल मैच प्रयागराज और शाहजहांपुर के बीच हुआ। दो गोल मारकर प्रयागराज की टीम ने प्रतियोगिता पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्लेयर एवं इंडियन रेलवे अधिकारी बरेली गीता कुमारी, महिला एवं बाल विकास कल्याण सदस्य बबीता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# छुट्टा पशुओं ने किसानों पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गंभीर रूप से घायल किसानों को जिला अस्पताल में भर्ती
- खेतों में फसलों की रखवाली करने में जान जोखिम में

**अमृत विचार :** छुट्टा गोवंश किसानों को सिरदर्द बने हुए हैं। फसलों की रखवाली कर रहे किसानों पर पशुओं ने हमला कर दिया जिसमें दो किसान घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

किसानों को खेतों में फसलों की रखवाली करने में जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। छुट्टा गोवंश किसानों की फसलों को नष्ट कर रहे हैं। वहीं हिंसक सांड़ किसानों पर हमले कर रहे हैं। थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम सिताब नगर निवासी 65 वर्षीय राजेश्वर सिंह शनिवार की शाम को अपने खेत में बने ट्यूबवेल पर गए थे। वहां एक सांड़ उनके खेत में मक्का की फसल को नष्ट कर रहा था। राजेश्वर सिंह ने सांड़ को खेत से भगाने को ललकारा तो सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड़ ने राजेश्वर सिंह को सींगों पर उठाकर पटक दिया। उसके बाद हमलावर सांड़ ने उन्हें सींगों में फंसाकर घसीटा। एक सींग उनके पेट में घुस गया जिससे वह लहूलुहान हो गये। आस पास खेतों पर काम कर रहे लोगों ने सांड़ को भगाया और खून से लथपथ राजेश्वर सिंह को घर पहुंचाया। परिजनों ने उन्हें देर शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

दूसरी ओर थाना कादरचौक के ग्राम पाल नगर निवासी 70 वर्षीय बनवारी लाल तीन दिन पूर्व अपने खेत पर मक्का की रखवाली करने गए थे। खेत में घुसे पशुओं को निकालने गले तभी सांड़ ने उसको पीछे से सींगों पर उठाकर पटक दिया। सांड़ ने बनवारी लाल को कई बार उठा कर पटका, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बाद वह बेहोश हो गये। रात भर बेहोशी की हालत में खेत पर पड़े रहे। दूसरे दिन परिजनों ने उन्हे खेत पर जाकर देखा तो वह बेसुध पड़े थे। परिजनों ने उन्हे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

कुछ दिन पूर्व थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम उदमई निवासी ग्रामीण पर एक सांड़ ने फसल की रखवाली करते समय हमला कर दिया था। उन्हे भी गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। किसान हिंसक सांडों से बचने को चार पांच लोग एकत्र होकर खेतों पर जाते हैं जिससे सांड हमला न कर सकें। किसानों का कहना है कि गोवंश हमला नहीं करते हैं जबकि सांड किसानों को देखते ही हमलावर हो जाते हैं। इसलिए अब किसानों में भय बना हुआ है।

## सार-संक्षेप

### अक्ष वर्मा ने उत्तीर्ण की जेईई एडवांस परीक्षा



**पुवायां, अमृत विचार :** अक्ष वर्मा ने जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। अक्ष की कामयाबी पर परिवार में खुशियां मनाई जा रही हैं। पुवायां के सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री सुबोध कुमार वर्मा व शशि वर्मा के पुत्र अक्ष वर्मा ने जेईई एडवांस परीक्षा ऑल इंडिया रैंक 15118 और ओबीसी कैटेगिरी में 3649वीं रैंक हासिल की है। अक्ष ने एक वर्ष पूर्व 12वीं की परीक्षा पास की थी। इसके बाद उन्होंने इंजीनियरिंग की तैयारी शुरू कर दी थी। अक्ष अपने दादा पुवायां इंटर कॉलेज के प्रवक्ता राजबहादुर वर्मा और माता-पिता के सपनों को पूरा करना चाहते हैं। परिजनों के अलावा होली चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजीव शर्मा ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### मृत्युंजय ने 1326वीं रैंक हासिल कर किया गौरवांवित



**शाहजहांपुर।** मृत्युंजय श्रीवास्तव ने जेईई एडवांड में ऑल इंडिया 1326 रैंक हासिल कर परिवार को गौरवांवित किया है। कृभको फर्टिलाइजर पिपरोला में सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन) के पद पर कार्यरत जय प्रकाश श्रीवास्तव और वंदना श्रीवास्तव के पुत्र मृत्युंजय ने जेईई एडवांस में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1326वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने गुरूकुल कालेज हरियाणा से इसी वर्ष ही इंटरमीडिएट में 94 .6 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। मृत्युंजय के बड़े भाई मार्कण्डेय श्रीवास्तव राजकीय पालीटेक्निक पूरनपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर डिप्लोमा के अंतिम सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं। मृत्युंजय की कामयाबी पर कृभको नगर में भी खुशी का माहौल है। उनके परिवार को लोग बधाइयां दे रहे हैं।

### आराध्य और आरुष को जेईई में मिली सफलता



आराध्य सिंह।

**शाहजहांपुर/रौसर कोठी।** विकासखंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत कनेंग निवासी अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह के पुत्र आराध्य सिंह का आईआईटी में चयन हुआ है। आराध्य ने जेईई में 1201 रैंक हासिल की है। उनकी सफलता पर उनके चाचा पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह समेत अन्य परिवार वालों ने हर्ष व्यक्त किया है। आराध्य अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हैं। वहीं मोहल्ला मिशन फील्ड के निवासी आरुष शर्मा ने जेईई एडवांस में 9786 वीं रैंक लाकर अपने परिजनों के साथ जनपद का नाम भी रोशन किया है। आरुष के पिता आलोक शर्मा समाज कल्याण विभाग में सहायक विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं।मां बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका के पद पर तैनात हैं। इसके साथ आलोक शर्मा की माता मनोरमा देवी शर्मा भी बेसिक शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य के पद से रिटायर्ड हैं जो अपने पौत्र की सफलता पर गदगद हैं।

# मेगा ब्लॉक के चलते कई ट्रेनें रहीं निरस्त इंतजार में परेशान होते रहे यात्री

## कुछ को रिशेड्यूल किया गया, लखनऊ के साथ आंवला-बिशारतगंज के बीच लिया गया ब्लॉक

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** लखनऊ और आंवला के पास ब्लाक के चलते रविवार को यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं। कुछ ट्रेनें निरस्त रहीं तो कई घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं। गर्मी से बेहाल यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान होते रहे। स्पेशल ट्रेनें भी समय पर नहीं आईं।

आंवला और बिशारतगंज के बीच पुल पर काम के लिए मेगा ब्लॉक सुबह आठ बजे लिया गया। इस वजह से 04378 बरेली अलीगढ़ पैसेंजर, 04377 अलीगढ़ बरेली पैसेंजर निरस्त रही। 12036 दिल्ली टनकपुर पूर्णागिरी जनशताब्दी 3:30 घंटे रिशेड्यूल की गई, जो पांच घंटे से ज्यादा लेट हो गई। 12035 टनकपुर दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को 60 मिनट मार्ग में नियंत्रित की गई। 12036 जनशताब्दी एक्सप्रेस और 04365 मुरादाबाद चंदौसी स्पेशल एक से दो घंटे की देरी से आई। 04313 देहरादून स्पेशल, 04067 दिल्ली स्पेशल, (15073) त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत दर्जनभर ट्रेनें कई घंटे लेट रहीं। 04365 बरेली मुरादाबाद मेमू ट्रेन दो घंटा रिशेड्यूल की गई। 04366 मुरादाबाद बरेली मेमू ट्रेन निरस्त रही। इधर, लखनऊ जंक्शन और ऐशबाग-मानकनगर रेल खंड के बीच लाइन पर प्री-नॉन और नॉन इंटरलॉक कार्य की वजह से 22453 लखनऊ जंक्शन-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस, मेरठ सिटी से चलने वाली 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जंक्शन राज्यरानी एक्सप्रेस निरस्त रही। रेल अफसरों के अनुसार 14 जून तक राज्यरानी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में खड़े यात्री। ● अमृत विचार

## 21 बिंदुओं पर होगी परिषदीय व कस्तूरबा स्कूलों की रैंकिंग

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूलों में शिक्षण व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए विभागीय स्तर पर तमाम कवायद की जा रही है। इस माह सभी स्कूलों की रैंकिंग के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर आठ पटल और 21 बिंदु निर्धारित किए गए हैं। पारदर्शी प्रणाली के तहत निर्धारित बिंदुओं के आधार सभी स्कूलों की रैंकिंग निर्धारित होगी।

# डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में आज आ सकता है फैसला

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई थी। अब इस मामले में सोमवार को फैसला आ सकता है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में काफी समय से हो रही है।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट व छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इनकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। सपा नेता आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। बस्ती निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराए गए एक मुकदमे में दोनों पक्षों की ओर से शुक्रवार को बहस पूरी कर ली गई थी। कोर्ट अब इस मामले में दस जून को फैसला सुना सकती है। इस मामले में सपा नेता आजम खां, उनके करीबी रह चुके फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, ठेकेदार बरकत अली को आरोपी बनाया गया है।

# तलाकशुदा पति-पत्नी का 12 साल बाद फिर हुआ निकाह

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** दंपती के बीच 12 साल पहले तलाक हो गया। 12 साल के बाद दोनों एक बार फिर से साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इस पर उन्होंने निकाह कर लिया।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरता गांव का था। यहां रहने वाले अफसर अली की शादी 2004 में रामपुर निवासी युवती के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक रहा मगर बाद में उनके बीच अनबन रहने लगी। बात इतनी बढ़ी कि आठ साल बाद तलाक हो गया। पंचायत में हुए निर्णय के मुताबिक उन्होंने चार बच्चों को भी बांट लिया। इसके बाद महिला अपने दोनों बच्चों के साथ मायके में रहने लगी।

बताते हैं दो दिन पहले दोनों ने फिर से निकाह कर साथ रहने का तय किया। आपसी सहमति के बाद शनिवार देर रात निकाह के बाद महिला फिर से अपने पति के घर आ गई। तलाक के 12 साल बाद हुआ निकाह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# हेलो, दुष्कर्म में फंसे बेटे को बचाने को 40 हजार रुपये दो

- बिसौली निवासी दो शिक्षकों के पास आए फोन
- पाकिस्तान के किसी शाह आलम के नाम से रजिस्टर्ड निकला नंबर

**बिसौली, अमृत विचार :** हेलो, मैं इंस्पेक्टर अरुण बोल रहा हूं। तुम्हारा बेटा दुष्कर्म के केस में फंस गया है। बचाना चाहते हो तो 40 हजार रुपये दो। ऐसे फोन बिसौली निवासी दो शिक्षकों के पास आए। परिवार परेशान हो गया। बाद में पता चला कि उनके साथ ठगी की कोशिश की गई थी।

नगर बिसौली निवासी मई बसई स्थित रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज में शिक्षक राकेश कुमार शर्मा का बेटा शास्वत पाठक बैंक मैनेजर है। किसी ने राकेश कुमार को फोन किया। उसकी की डीपी पर पुलिस अधिकारी का फोटो लगा था। उसने राकेश से कहा कि वह इंस्पेक्टर अरुण बोल रहा है। तुम्हारा बेटा दुष्कर्म के केस में फंस गया है। बचाना चाहते हो तो 40 हजार रुपये भेज दो। राकेश डर गए। उनके छोटे भाई राजकुमार शर्मा को जानकारी हुई तो उक्त नंबर पर फोन कर जमकर हड़काया। इसी कस्बा की बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी शिक्षक प्रवीण मिश्रा के पास भी ठग का फोन आया। उनका बेटा उनका बेटा सारांश एमबीबीएस कर रहा है। ठग ने कहा कि तुम्हारा बेटा दुष्कर्म के आरोप में पकड़ा गया है। उसने छोड़ने के लिए रुपयों की मांग की। परिजनों ने नंबर चेक किया तो पाकिस्तान निवासी शाह आलम के नाम पर निकला। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

# प्रेम-प्रसंग में प्रेमी युगल ने खाया जहर, युवती की मौत

**बरेली/कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के बुखारा निवासी अलाउद्दीन अंसारी की बेटी जैनब (20) का तीन साल से पड़ोस में रहने वाले रेहान सैफी (22) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से निकाह करना चाहते थे, लेकिन उन दोनों के परिवार वाले इसके लिए राजी नहीं थे।

युवक के परिजनों ने छह माह पहले बदायूं के वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती से उसकी शादी तय कर दी थी। दो जुलाई को उसकी बरात जानी थी। परिजनों के सामने प्रेमी युगल की नहीं चल सकी तो दोनों ने आत्महत्या करने की योजना बना डाली। रविवार सुबह करीब 4:30 बजे युवक ने युवती को अपने घर बुला लिया, जहां दोनों ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवती की घर पर ही मौत हो गई, युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। मौके से पुलिस को सल्फास के रैपर बरामद हुए हैं।


### कार्यालय ग्राम पंचायत रोंधी, विकास खंड क्यारा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंद्रहवाँ/पंचम राज्य वित्त आयोग/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत एस.बी.एम. (जी) की प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नवीन निर्माण, नई नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा नव निर्माण एवं मरम्मत, मिट्टी कार्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, इन्टरलॉकिंग कार्य, फर्नीचर क्रय कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण, सोलर पैनल क्रय, इन्वर्टर बैटरी क्रय, हैण्डपम्प रिबोर, अनुरक्षण/ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय कार्य, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सोकपिट, कम्पोस्ट पिट, वर्मी कम्पोस्ट, आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पंचायत भवन की बाउन्ड्रीवॉल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कार्य कराये जाने हैं, उक्त कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु इसमें प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेता, बजरी, सरिया, जाली, टाइल्स, इन्टरलॉकिंग ईट, पाइप टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर प्रिंटर, कुर्सी-मेज, सी.सी.टी.वी. कैमरा, दरी, अलमारी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व सेनेटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई किट व ठेली, स्प्रे मशीन, मास्क क्रय एवं पी.पी. किट, आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु बर्तन एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 5:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत अंगूरी ठाकुरान, विकास खंड क्यारा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंद्रहवाँ/पंचम राज्य वित्त आयोग/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत एस.बी.एम. (जी) की प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नवीन निर्माण, नई नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा नव निर्माण एवं मरम्मत, मिट्टी कार्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, इन्टरलॉकिंग कार्य, फर्नीचर क्रय कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण, सोलर पैनल क्रय, इन्वर्टर बैटरी क्रय, हैण्डपम्प रिबोर, अनुरक्षण/ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय कार्य, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सोकपिट, कम्पोस्ट पिट, वर्मी कम्पोस्ट, आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पंचायत भवन की बाउन्ड्रीवॉल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कार्य कराये जाने हैं, उक्त कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु इसमें प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेता, बजरी, सरिया, जाली, टाइल्स, इन्टरलॉकिंग ईट, पाइप टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर प्रिंटर, कुर्सी-मेज, सी.सी.टी.वी. कैमरा, दरी, अलमारी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व सेनेटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई किट व ठेली, स्प्रे मशीन, मास्क क्रय एवं पी.पी. किट, आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु बर्तन एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 15.06.2024 को 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 5:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत नवीनगर, विकास खंड क्यारा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंद्रहवाँ/पंचम राज्य वित्त आयोग/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत एस.बी.एम. (जी) की प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नवीन निर्माण, नई नाली निर्माण एवं मरम्मत खड़ंजा नव निर्माण एवं मरम्मत, मिट्टी कार्य ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य, इन्टरलॉकिंग कार्य, फर्नीचर क्रय कार्य, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण, सोलर पैनल क्रय, इन्वर्टर बैटरी क्रय, हैण्डपम्प रिबोर, अनुरक्षण/ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय मरम्मत, ई-रिक्शा क्रय कार्य, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सोकपिट, कम्पोस्ट पिट, वर्मी कम्पोस्ट, आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पंचायत भवन की बाउन्ड्रीवॉल, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कार्य कराये जाने हैं, उक्त कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु इसमें प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, रेता, बजरी, सरिया, जाली, टाइल्स, इन्टरलॉकिंग ईट, पाइप टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर प्रिंटर, कुर्सी-मेज, सी.सी.टी.वी. कैमरा, दरी, अलमारी, प्रचार-प्रसार बोर्ड व सेनेटाइजर, फागिंग कार्य, सफाई किट व ठेली, स्प्रे मशीन, मास्क क्रय एवं पी.पी. किट, आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु बर्तन एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति के लिये सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14.06.2024 को 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 2:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

ग्राम प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत चौबारी, विकास खंड क्यारा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

